
दैनिक
# साधना एक्सप्रेस

वर्ष-3 | अंक - 1 | sadhnaexpress@gmail.com भोपाल, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024 पृष्ठ-8 | मूल्य - 2 रुपये www.sadhnaexpress.com

### न्यूज ब्रीफ




## हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का निधन, 89 साल की उम्र में गुरुग्राम में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली, एजेंसी | विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हरियाणा के विकास में चौटाला के योगदान को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनका परिवार और समर्थक शोक में हैं क्योंकि वे उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं।

अनुभवी इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाले चौटाला का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। राज्य की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति, चौटाला ने कई अवसरों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें आईएनएलडी में उनके नेतृत्व और राज्य की राजनीतिक दिशा को आकार देने में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता था। उनकी मृत्यु हरियाणा के राजनीतिक इतिहास में एक युग के अंत का प्रतीक है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हरियाणा के विकास में चौटाला के योगदान को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनका परिवार और समर्थक शोक में हैं क्योंकि वे उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं।

चौटाला परिवार के कई सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं, हालांकि सभी सदस्य इनेलो और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच विभाजित हैं। ओम प्रकाश चौटाला के बड़े बेटे अजय, भिवानी के पूर्व सांसद और तीन बार के विधायक (दो बार राजस्थान और एक बार हरियाणा) को जेबीटी शिक्षक भर्ती मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में उनके पिता के साथ दोषी ठहराया गया था। इनेलो ने पिछली बार 2005 में हरियाणा पर शासन किया था, लेकिन इस बरस कांग्रेस ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। जिसके बाद भूपिंदर सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा के मनोहर लाल खट्टर 2014 के चुनावों में नए सीएम के रूप में हरियाणा की कमान संभाली।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर दी बधाई

भोपाल, एजेंसी | मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेवा, सुरक्षा, बंधुत्व' के ध्येय वाक्य के साथ देश की रक्षा के लिए समर्पित मां भारती के वीर सपूतों को नमन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सपूतों पर राष्ट्र को गर्व है।

# पीएम मोदी का ऐतिहासिक कुवैत दौरा

## 43 साल बाद जा रहा कोई भारतीय प्रधानमंत्री

**पीएम मोदी का ये दौरा भारतीय पीएम की ओर से 43 साल बाद हो रही है. कुवैत के क्राउन प्रिंस से सितंबर में पीएम की मुलाकात हुई थी.**

• नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21-22 दिसंबर को कुवैत दौरे पर जाएंगे. यहां पीएम मोदी का सेरेमोनियल स्वागत होगा. पीएम मोदी का ये दौरा भारतीय पीएम की ओर से 43 साल बाद हो रही है. कुवैत के क्राउन प्रिंस से सितंबर में पीएम की मुलाकात हुई थी.

विदेश मंत्रालय में सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण कुमार चटर्जी ने इस दौरे को लेकर कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी कुवैत के अमीर, महामहिम शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर 21 और 22 दिसंबर को कुवैत की यात्रा करेंगे. यह 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की कुवैत की पहली यात्रा है और इसलिए, यह काफी महत्व रखती है.'

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को बायन पैलेस में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा और वे कुवैत के नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय चर्चा करेंगे. विदेश सचिव ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी कुवैत के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे. कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी. क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे.'

### भारतीय कामगारों के शिविर का दौरा करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री का एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों से बातचीत करने, एक श्रमिक शिविर का दौरा करने और कुवैत के अमीर के विशेष अतिथि के रूप में 26वें अरेबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में भाग लेने का भी कार्यक्रम है. चटर्जी ने बताया, 'खाड़ी क्षेत्र के साथ भारत के संबंधों में बड़ा बदलाव आया है. माननीय प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों के साथ संबंधों को मजबूत और गहरा करने पर विशेष जोर दिया है.'

### क्यों अहम है कुवैत दौरा?

कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, खास तौर पर तीन महत्वपूर्ण तथ्यों के संदर्भ में: यह 43 साल बाद कुवैत की पहला दौरा है, इकलौता खाड़ी देश जहां पीएम मोदी अब तक नहीं गए थे और एक दशक में पहला उच्च स्तरीय दौरा. यह यात्रा को बहुत खास बनाता है.'

**एक लाख सोलर पम्प देकर किसानों को ऊर्जा उत्पादन में बनाया जाएगा आत्म-निर्भर**

## मध्यप्रदेश अपनी आवश्यकता की आधी बिजली वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा से करेगा प्राप्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री ने 3520 करोड़ की 880 मेगावॉट की आगर-नीमच सौर परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- सुसनेर में 49.81 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

• भोपाल, प्रतिनिधि



भोपाल | मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूर्य ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। सौर ऊर्जा सबसे अच्छी ऊर्जा है। आने वाले वर्ष-2030 तक मध्यप्रदेश अपनी आवश्यकता की बिजली का आधा हिस्सा सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगा। सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार का प्रयास उद्योग, धन्धे, कृषि के लिए सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाना है। आगर में बनने वाली सौर ऊर्जा रेल विभाग को दी जाएगी, जिससे 7 राज्यों में रेलगाड़ियाँ संचालित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के सुसनेर में 3520 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 880 मेगावॉट आगर और नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें आगर-मालवा जिले की लगभग 2200 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 550 मेगावॉट सौर परियोजना एवं नीमच जिले की 1320 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 330 मेगावॉट सौर परियोजना शामिल है।

**मंत्रालय में विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा की**

## छात्रों का भविष्य संरक्षित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

• भोपाल, प्रतिनिधि

भोपाल | उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि छात्रों का भविष्य संरक्षित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेश के अनुक्रम में 15 जनवरी तक उपयुक्त पाये गये नर्सिंग कॉलेज में काउंसलिंग की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिये। उपयुक्त पाए गए नर्सिंग कॉलेज में लगभग 19 हज़ार छात्र प्रवेश पा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा की।

### भर्ती प्रक्रिया को समय से पूर्ण करें



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिये कैबिनेट से स्वीकृति प्राप्त पदों पर निर्धारित समय-सीमा में भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण की जाये।उन्होंने कर्मचारी चयन मंडल और लोक सेवा आयोग द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रिया को समय से पूर्ण करने के लिए सतत संपर्क में रहकर औपचारिकताओं की त्वरित पूर्ति के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने नीट पीजी काउंसलिंग के विषय पर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और न्यायालय के निर्देश अनुसार छात्रों के हितों का ध्यान रखते हुए शीघ्रातिशीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### फार्मेसी लाइसेंस प्रक्रिया को सहज, पारदर्शी और तेज बनाने करें प्रावधान

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने न्यायालय के निर्देश अनुसार एएनएम की पोस्टिंग किये जाने के लिये आवश्यक कार्रवाई करने के लिये कहा। उन्होंने फार्मेसी लाइसेंस प्रक्रिया को सहज, पारदर्शी और तेज बनाने के लिये आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिये।

## क्या छिन जाएगी प्रियंका गांधी की सांसदी? बीजेपी नेता नव्या हरिदास ने कर दिया 'खेला'

• नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली | केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की नव्या हरिदास को कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने पांच लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था.

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता नव्या हरिदास ने केरल हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी है. हरिदास ने शुक्रवार (20 दिसंबर, 2024) को दायर की गयी याचिका में दावा किया है कि प्रियंका ने नामांकन पत्र में अपनी और अपने परिवार की संपत्ति का सही खुलासा नहीं किया और गलत जानकारी दी. भाजपा नेता ने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता के खिलाफ और भ्रष्ट आचरण के समान है. अब सवाल ये है कि भाजपा नेता के इस कदम के बाद क्या प्रियंका गांधी की सांसदी छिन जाएगी?

## मोहन भागवत के बयान का इस मौलाना ने किया स्वागत, कहा- 'मंदिर-मस्जिद के नाम पर खून खराबा नहीं'

• नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली | ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष यासूब अब्बास ने कहा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बयान बेहद सराहनीय है और मैं इसका तहे दिल से स्वागत करता हूं.

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार (19 दिसंबर) को एक कार्यक्रम में बोलते हुए मंदिर-मस्जिद को लेकर एक बयान दिया. उनके इस बयान का विपक्ष भी स्वागत कर रहा है. इसी बीच अब आरएसएस प्रमुख के बयान पर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की प्रतिक्रिया सामने आई है और उन्होंने इस बयान का समर्थन किया है.

RSS प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा- 'मोहन भागवत के बयान का हम स्वागत करते हैं. हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढ़ना यह सेहतमंद मुल्क के लिए अच्छा नहीं है. मोहन भागवत एक संजीदा और अच्छे इंसान हैं उन्होंने इस नजाकत को समझा है क्यूंकि इस तरह के मुद्दे से मुल्क का माहौल खराब होता है. मंदिर-मस्जिद के नाम पर हमें खून खराबा नहीं करना चाहिए, मोहन भागवत के बयान पर सरकार को समर्थन करना चाहिए.'

## 'काशी-मथुरा-अयोध्या ही हमारा एकमात्र लक्ष्य', मोहन भागवत के मैसेज पर बोला विश्व हिंदू परिषद

• नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली | RSS चीफ मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद विवाद पर बोलने के बाद अब विश्व हिंदू परिषद ने कहा है कि उन्होंने राम जन्मभूमि के बाद एक संगठन के रूप में किसी आंदोलन के नेतृत्व नहीं किया.

मंदिर-मस्जिद विवादों पर लगभग 10 कानूनी मामले लंबित होने को लेकर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार (19 दिसंबर, 2024) को ऐसे विवादित मुद्दों को बार बार उठाने को लेकर अपनी असहमति जताई थी. रोजाना इस तरह की विभाजनकारी बहस उठाने को उन्होंने अस्वीकार बताते हुए एकता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दिया. वहीं अब विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने अब भागवत की बात को दोहराया है.



न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने कहा कि ये मुद्दे ऐतिहासिक महत्व के उदाहरण हैं. उन्होंने आक्रमण के दौरान लाखों मंदिरों के विनाश के बारे में बताते हुए कहा, "हमने 1984 में घोषणा की थी कि हम केवल तीन मंदिरों को पुनः प्राप्त करना चाहते हैं, जिनमें अयोध्या में राम जन्मभूमि, काशी और मथुरा के मंदिर शामिल हैं. हमने राम जन्मभूमि के लिए एक लंबी कानूनी और सामाजिक लड़ाई लड़ी, लेकिन तब से हमने एक संगठन के रूप में कभी भी किसी मंदिर के लिए आंदोलन का नेतृत्व नहीं किया.

### सुरेंद्र जैन ने क्या दिया तर्क

वीएचपी संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने 1978 में संभल के मंदिरों को बंद करने की घटना की ओर इशारा भी किया, जिसके बारे में प्रशासन ने पता लगाया था न की किसी सामाजिक संगठन ने. वहीं मथुरा और काशी में चल रहे संघर्षों का जिक्र करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि मुस्लिम नेताओं को भी अब इस तरह के कृत्यों में आक्रमणकारियों की भूमिका को स्वीकार करना चाहिए. वह बोले, "हमने अयोध्या के लिए लड़ाई लड़ी और उसे हासिल किया और तब से लेकर अब तक हम किसी आंदोलन में शामिल नहीं हुए. यही कारण है कि समाज के लोग इसको लेकर सामने आकर मुद्दे उठाने लगे हैं.

### 'राम मंदिर भारतीयों का आस्था का विषय'

आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने पुणे में विश्वगुरु भारत व्याख्यान में बोलते हुए एकता लाने को कहा और विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ वॉर्निंग भी दी है. राम मंदिर के निर्माण को संबोधित करते हुए वह बोले, "राम मंदिर का निर्माण हिंदुओं की आस्था का विषय था और इससे कोई हिंदू नेता नहीं बन जाता. राम मंदिर तो सभी भारतीयों की आस्था का विषय है."

### नफरत या दुश्मनी को बढ़ावा देने से बचने का आग्रह किया

मोहन भागवत ने नफरत या दुश्मनी को बढ़ावा देने से बचने का आग्रह किया, साथ ही मंदिरों और मस्जिदों पर नए विवादास्पद मुद्दों को उठाने से परहेज करने को कहा.

## संसद धक्का-मुक्की कांड की जांच करेगी क्राइम ब्रांच, फिर से सीन होगा रिक्रिएट; राहुल गांधी से भी होगी पूछताछ

• नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली | संसद में धक्का-मुक्की कांड की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है. दोनों मामलों (बीजेपी की शिकायत और कांग्रेस की शिकायत) की जांच शुरू हो चुकी है. बीजेपी की शिकायत में लोकसभा के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है.

बीजेपी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर सांसदों को धक्का देने का आरोप लगाया था. धक्का-मुक्की में घायल सांसदों महेश राजपूत और प्रताप सारंगी के बयान दर्ज किए जाएंगे. वहीं घटना की सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल वीडियो की पड़ताल होगी.

### राहुल गांधी को भेजा जाएगा नोटिस



मीडिया के कैमरे की फुटेज भी सबूत के तौर पर जुटाई जाएगी. फुटेज इकट्ठा करने के लिए लोकसभा स्पीकर से इजाजत ली जाएगी. बयान और फुटेज मिलने के बाद घटना स्थल पर सीन रिक्रिएट किया जा सकता है. राहुल गांधी और अन्य सांसदों को नोटिस भेजा जाएगा. बयान दर्ज करने के बाद राहुल गांधी से पूछताछ की जाएगी. कांग्रेस की शिकायत में बीजेपी सांसदों पर मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का देने और SC/ST एक्ट के तहत आरोप लगाए गए है. पुलिस इस शिकायत की भी जांच कर रही है.

### क्या है पूरा मामला?

यह पूरा विवाद तब खड़ा हुआ जब गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में एक भाषण के दौरान कांग्रेस की ओर से डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का बार-बार जिक्र किए जाने पर टिप्पणी की. शाह ने कांग्रेस पर अंबेडकर के नाम को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि अंबेडकर का नाम लेना कांग्रेस के लिए 'फैशन' बन गया है. इसके बाद कांग्रेस ने अमित शाह पर अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया.

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कालोनियों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें - कलेक्टर

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान सभी एसडीएमों को सचेत करते हुए कहा है कि जिले में अवैध कॉलोनियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी सभी अवैध कालोनियों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही शीघ्रतिशीघ्र संपादित करने के निर्देश उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार और निकायो के अधिकारियों को संयुक्त रूप से दिए है। कलेक्टर श्री सिंह ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों से कहा है कि कार्य क्षेत्रों में अवैध कालोनियों का चिन्हांकन किया जा चुका है फिर कार्यवाहियों में विलम्बता क्यों हो रही है उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के भेदभाव किए बिना ही नियमानुसार कार्यवाहियां संपादित कराएं। उन्होंने संबंधित अवैध कालोनाइजरों के ऊपर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सुश्री निकिता तिवारी ने बताया कि जिले में कुल 166 अवैध कॉलोनियों चिन्हांकित की गई है सर्वाधिक 56 कालोनियां सिरोंज में इसके पश्चात विदिशा में 32, बासौदा में 27, कुरवाई में 21, लटेरी में 14 एवं शमशाबाद में 16 कालोनियों का चिन्हांकन निर्धारित पैरामीटरो को पूरा नहीं करने के फलस्वरूप अवैध कालोनियों के रूप में चिन्हांकन किया गया है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने समीक्षात्मक बैठक में एसडीएम व तहसीलदारो को निर्देशित किया है कि कार्यक्षेत्रों में जो-जो अवैध कालोनियां चिन्हांकित की गई है उनकी सूची फ्लैक्स के रूप में जिला व तहसील स्तरीय पंजीयक कार्यालयों में चस्पा की जाए ताकि आमजन किसी भी प्रकार की धोखाधडी के शिकार होने से बच सकें वहीं अवैध कालोनियों की रजिस्ट्री को कैसा रोका जाए के संबंध में जिला पंजीयक श्रीमती क्षिप्रा सेन को आवश्यक निर्देश दिए गए है। कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान चलाकर नागरिकों को जागरूक करने के संसाधनो पर बल देते हुए कहा कि आम आदमी अवैध कालोनी का शिकार ना बनें इसके लिए हर स्तर पर सूचना तंत्रो के माध्यम से जनजागरूकता के कार्य संपादित किए जाए।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत सिराली में आयोजित हुआ शिविर

**हरदा (निप्र)।** 'मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान' के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा गठित संपर्क दल घर घर जाकर परिवारों से संपर्क कर रहे हैं। इसके साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त करने के लिए शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सिराली नगर परिषद द्वारा शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न पर्ची का लाभ दिया गया तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में नगर परिषद सिराली की अध्यक्ष श्रीमती अनिता कैलाश चंद्र अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थ सीएचओ का दक्षता प्रशिक्षण आयोजित

**बैतूल (निप्र)।** आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थ विकासखंड आमला, आठनेर एवं ग्रामीण क्षेत्र सेहरा की सीएचओ की समीक्षा बैठक एवं दक्षता प्रशिक्षण सोमवार को होटल आईसीइन बैतूल में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रविकांत उइके ने बताया कि प्रशिक्षण में भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की त्रैमासिक समीक्षा की गई। समीक्षा के साथ-साथ 100 दिवसीय क्षय रोग कार्यक्रम एनक्यूएएस असिसमेंट, भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पोर्टल, एनसीडी, अनमोल, मेटरनल हेल्थ, एमपी आरोग्यम कार्यक्रम की समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ.उइके ने समस्त सीएचओ को 100 दिवसीय क्षय रोग कार्यक्रम को प्राथमिकता देते हुये प्रत्येक दिवस मरीजों की जानकारी जिले स्तर तक पहुंचाने एवं दवाइयां वितरण करने के निर्देश दिये गये एवं शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य अभियान में गर्भवती माताओं की पहली से लेकर चौथी जांच गंभीरतापूर्ण रहकर करने के निर्देश दिये।

# यातायात सुगम हो के तमाम प्रबंधो का सुव्यवस्थित क्रियान्वयन




**विदिशा (निप्र)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई थी जिसमें यातायात सुगम हो के लिए किए जा रहे पूर्व प्रबंधो के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और अधिक बेहतर प्रभावी क्रियान्वयन हो के सुझावो को अमल करने पर बल दिया गया है।कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने विदिशा शहर में यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सड़को पर बेतरबी से वाहन खडे न हो। प्रकाश और सिग्नल के प्रबंध बेहतर हो इसके अलावा आटो में स्कूली बच्चों को ले जाने वाले चालको के द्वारा नियमो का पालन किया जाएं। सभी आटो पंजीबद्ध हो और इसके लिए आटो पर आवंटित किए जाने वाले नम्बर अंकित किए जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने जांच पड़ताल के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया। उन्होंनें कहा कि यातायात नियमो के पालन हेतु वाहन चालको खासकर आटो चालको की बैठक पुनः आयोजित कर उन सबको एवं उनके सहयोगी चालको को हरेक पैरामीटर से अवगत कराया जाए।

इसके पश्चात् यदि उनके द्वारा परिवहन नियमो का अनदेखा किया जाता है स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाले आटो में सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित नहीं किए जाते है तो जांच पडताल कर कार्यवाही की जाए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है बुधवार से सबसे पहले धान परिवहन करने वाले वाहनो में निर्धारित ऊंचाई से अधिक बोरे रखे ना जाए का जनजागरूकता संदेश प्रसारित कराने के प्रबंध किए जाएं वहीं कृषि उपज मंडियो के सचिवो को ततसंबंध में अवगत कराते हुए स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाएं क्रियान्वित कराने हेतु ताकिद किया जाए इसके पश्चात् दिशा निर्देशो की अवहेलना करने वाले धान परिवहन वाहनो पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। सोमवार 23 दिसम्बर से आटो चालको की जांच पडताल कार्य शुरू करने पर सहमति व्यक्त की गई इसके लिए यातायात, आरटीओ और निकाय अमले के संयुक्त समन्वय से जांच पडताल के कार्य किए जाए। प्रारंभिक तौर पर आटो चालको को पूर्व में अवगत कराने पर बल दिया गया।

**नोडल :** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जिले के हरेक शासकीय अशासकीय स्कूलो में एक-एक शिक्षक नोडल के रूप में नियुक्त करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए है ताकि स्कूल परिसर में आने वाले वाहनो, यातायात संबंधी अन्य जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ शासकीय आयोजन जो स्कूली बच्चों के लिए आयोजित किए जाते है। ततसंबंध में इन नोडल अधिकारियों के माध्यम से स्कूली बच्चो में जागरूकता संदेशो का सम्प्रेषण सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयो के पालनो पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि आमजनो के द्वारा स्वंय फीडबैक दिया जा रहा है और यातायात व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन से सहमत है। उन्होंने इस प्रकार की व्यवस्थाओं में और सुधार लाने पर बल देते हुए कहा कि जिन सडको पर प्रकाश, सिग्नल की आवश्यकता है उन क्षेत्रो का चिन्हांकन कार्यो को किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले से निकले एनएच व स्टेट हाईवे पर चिन्हित ब्लेकस्पॉट क्षेत्रों में संकेतयुक्त साइनबोर्ड लगाए जाने के कार्य किए जा रहे है। यह कार्य शीघ्रतिशीघ्र पूरा कराया जाए।

**रोकाटोकी:** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने यातायात, परिवहन और निकाय के अधिकारियों को जनजागरूकता संदेशो का अधिक से अधिक आमजनो के बीच सम्प्रेषण करने के लिए रोकाटोकी के माध्यम से प्रसारित किए जाए ताकि सभी यातायात नियमो का पालन करें और दूसरो को प्रेरणा दें। दो पहिया वाहन चालको के लिए सुरक्षित यातायात हेतु हेलमेट की आवश्यकता को ध्यानगत रखते हुए संदेश दिए जाएं इसी प्रकार स्कूली बच्चों को लाने ले जाने का कार्य करने वाले वाहन पूर्ण सुरक्षित हो ओर चालको द्वारा नियमो का पालन किया जाए के कार्य भी रोकाटोकी के माध्यम से पूर्ण कराए जाए। पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने बताया कि कार्यवाहियां करने से पूर्व संबंधितों में जनजागरूकता संदेशों से अनिवार्य रूप से अवगत हो कि व्यवस्था क्रियान्वित की जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सिविल डेऊस में रहने पर बल दिया ताकि अचानक जांच पडताल की सूचना पाकर अनावश्यक रूप से वाहन चालक इधर उधर भगने लगते है इससे वे स्वंय अथवा अन्य को क्षति पहुंचा सकते है। उन्होंने कहा कि चैकिंग का उद्धेश्य सुरक्षित और नियमों का पालन कराना है न कि आर्थिक दण्ड अधिरोपित करना। जिन क्षेत्रो में वनवे का पालन किया जा रहा है स्थानीय नागरिकों के द्वारा उसमे सहयोगप्रद किया जा रहा है अतः इसे बनाए रखें। हम सबका यही उद्धेश्य है कि यातायात परिवहन के दौरान आमजनो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो वहीं वाहन चालको से यातायात अवरूद्ध ना हो। उन्होंने जिले में चिन्हित किए गए ब्लेकस्पॉट में सुधार लाने के लिए किए जाने वाले प्रबंधो को रेखांकित किया। पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने रात्रि में विभिन्न चैराहो, सडको पर पुलिस की उपस्थिति दर्ज होने से आमजनों की बीच सुरक्षा विश्वास में बढोतरी हो रही है। उन्होंने जांच पड़ताल के दौरान किसी भी प्रकार का भेदभाव नही बरतने के निर्देश अधीनस्थो को दिए है। सडको के किनारे नियत स्थलों पर ही वाहन पार्किंग हो। बाजारो में नगरपालिका के द्वारा पार्किंग व्यवस्था का संचालन किया जाए वहीं जिन क्षेत्रों में सडको के आसपास का अतिक्रमण हटाया जा रहा है वह पुनः ना हो इसके लिए सप्ताह में दो दिन औचक कार्यवाहियां उन क्षेत्रो में भी होती रहे। उन्होंने समुचित कार्यो में आमजनो का सहयोग प्राप्त हो ओर उनके विश्वास पर खरे उतरे इसके लिए वीडियोग्राफी पर बल देते हुए मीडियाबंधुओं को क्रियान्वित कार्यो की सूचना देकर जानकारियां अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो के सांझा सहयोग प्राप्त करें।

### विशेष न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**सीहोर (निप्र)।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार विशेष न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री एमके वर्मा ने सीहोर जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालसा द्वारा वृद्ध एंव असाध्य रोगो से ग्रसित बंदियों के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के बंदियों को एवं असाध्य रोगों से ग्रसित बंदियों को चिन्हित करने के लिए बंदियों से चर्चा की एवं जेल अभिलेख का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाकशाला, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, जेल लीगल एड क्लीनिक जेल डिस्पेंसरी, स्टोर रूम, महिला सेल, बंदियों के बैरक, पानी एवं रोशनी की व्यवस्था, डॉक्टरों की उपलब्धता, बीमार बंदियों के उपचार सम्बंधी सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों एवं महिला बंदियों के साथ निरूद्ध बच्चें के पोषण, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं तथा उनके प्रकरणों की प्रगति के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बंदियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधितों को त्वरित निराकरण के दिए। उन्होंने पाकशाला के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा डिस्पेंसरी में रोगी बंदियों एवं उन्हें प्रदान की जाने वाली दवाओं के रजिस्टर भी चेक किये। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीशान खान, जेल उप अधीक्षक श्रीमती ज्योति तिवारी अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बंदीगण उपस्थित थे।

## शास.उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पॉलीटेक्निक कॉलेज का किया भ्रमण

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के कुल 110 छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया। महविद्यालय के व्याख्याताओं द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्षन, शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं कैम्पस प्लेसमेंट की जानकारी प्रदान की गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से आईटी ट्रेड एवं इलेक्ट्रानिक्स एवं हार्डवेयर ट्रेड के विद्यार्थियों को वर्कशाप, लेब, लाईब्रेरी एव 11वीं एवं 12वीं ओपन स्कूल से करने की सुविधा की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन श्रीमती स्वाती चौहान एवं षिक्षक गरिमा मेहरा व विकास सिंह द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ एसपी कोरी द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।



## जनसुनवाई में कलेक्टर श्री दुबे ने नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण



**रायसेन (निप्र)।** भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। जिले की अन्य तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु कलेक्टर श्री दुबे द्वारा वीसी के माध्यम से संबंधित एसडीएम और अन्य अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया। जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन आर्थिक सहायता, विद्युत, पीएम आवास, अतिक्रमण, खाद्यान्न पात्रता पर्ची सहित योजनाओं के लाभ से संबंधित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में सम्मिलित हुए।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ- कलेक्टर श्री दुबे

**बैठक सह वीसी में कलेक्टर ने की जनकल्याण शिविरों तथा आयुष्मान कार्ड की समीक्षा**



**रायसेन (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने जिले में जनकल्याण शिविरों के आयोजन, 70 प्लस नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य तथा राजस्व महाअभियान की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जनकल्याण शिविरों के आयोजन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामों तथा निकायों में जनकल्याण शिविरों के आयोजन की तिथियों का समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे कि अधिक से अधिक नागरिकों इनका लाभ मिले। कलेक्टर श्री दुबे ने वीसी के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ से कहा कि जनकल्याण शिविरों में अधिक से अधिक नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज किया जाए और उनका नियमानुसार त्वरित निराकरण भी किया जाए। कलेक्टर श्री दुबे ने जिले में 70 प्लस वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने की गति धीमी ना हो। विगत दिवसों में आयुष्मान कार्ड बनाने में संख्या में कमी आई है, इसमें तेजी लाई जाए। जल्द से जल्द जिले में सभी 70 प्लस वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष शर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज अग्निवंशी सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित खण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

## विभागीय योजनाओं में 15 जनवरी तक शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें: कलेक्टर श्री सूर्यवंशी

**कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश**

**बैतूल (निप्र)।** समस्त विभाग अपनी हितग्राही मूलक योजनाओं एवं कार्यक्रमों में 15 जनवरी तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। सभी राजस्व अधिकारी और नगरीय निकाय भी राजस्व वसूली के लक्ष्य की पूर्ति कराएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों की समीक्षा कर नामांतरण, बंटवारा , सीमांकन के प्राप्त आवेदनों का पूर्व की तरह ही समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेगुलर आयुष्मान कार्ड और 70 प्लस आयु के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की भी जनपद और निकायवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ, सीएमओ एवं सीएमओ को निर्देशित किया कि मिशन मोड में पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उनके आयुष्मान कार्ड बनाएं जाए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में तहसीलदार घोड़ाडोंगरी और बीएमओ प्रभातपट्टन को अनुपस्थित पाए जाने पर उनका वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के तहत आयोजित हो रहे जन कल्याण शिविरों के आयोजन की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ को शिविरों का प्रभावी ढंग से आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कराएं। उन्होंने मत्स्य विभाग को केसीसी के शेष प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने ÷स्वनिधि से समृद्धि÷ अभियान के तहत बैंकों को प्रेषित प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने एलडीएम को निर्देशित किया कि बैंकों को प्रेषित समस्त प्रकरणों को यथाशीघ्र स्वीकृत एवं वितरित कराएं। उन्होंने पीओ डूडा को प्रकरणों के निराकरण की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण हुई नल जल योजनाओं को शीघ्र हैंडोवर करने के निर्देश जल निगम को दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि कोई भी अधिकारी शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते। उन्होंने जिले में शीत लहर के दृष्टिगत सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने निकाय क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर सतत अलाव जलाने और उनकी जानकारी जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यालयीन व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनकल्याण अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर श्री सिंह

**सभी एसडीएम एंव जनपद सीईओ जनकल्याण अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करें - कलेक्टर श्री सिंह, वनाधिकार पट्टों के फौती नामांतरण की कार्यवाही 31 दिसंबर तक पूरी करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**सीहोर (निप्र)।** समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा करते हुए आमजन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत फोर्स क्लोज नही की जाए।

टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एक साल पूर्ण होने पर प्रदेश के साथ ही जिले में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जिलेभर में लगाए जाने वाले शिविरों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति तथा समय पर शिविरों का लगाया जाना सुनिश्चित करने के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविरों की सूचना देने के सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अनुभागों में, जनपदों में गठित किए गए सर्वे दल यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम जनपद सीईओ हर दिन इस अभियान की समीक्षा और मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के साथ ही राजस्व महाभियान 3.0 के तहत जिले में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, बटांकन सहित सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित नगरीय निकायों एवं जनपदों को निर्देश दिए कि संबल 2.0 योजना के तहत तथा मुख्यमंत्री भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल के तहत सभी पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाकर उन्हें लाभान्वित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, जिला पंचायत प्रभारी सीईओ एवं संयुक्त कलेक्टर श्री नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, श्री आनंद सिंह राजावत, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**वनाधिकार पट्टा धारक की मृत्यु उपरांत फौती नामांतरण :** कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने निर्देश दिए कि वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में परिवर्तन तथा वन व्यवस्थापन के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत वनग्रामों की ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर फौती नामांतरण के आवेदन लिए जाएं तथा फौती नामांतरण की कार्यवाही 31 दिसंबर तक पूरी कर ली जाए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वन ग्रामों में प्रचार प्रसार कर ऐसे सभी वनाधिकार पट्टाधारकों के उत्तराधिकारियों से आवेदन पत्र लिए जाएं, जिनके पट्टाधारक माता-पिता की मृत्यु हो गई है और उनका फौती नामांतरण किया जाना है।

**राजस्व महाभियान 3.0 की समीक्षा :** कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल बैठक के दौरान राजस्व महाअभियान 3.0 में राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैच्युरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि राजस्व महाभियान 3.0 के अंतर्गत जिले में नामांतरण के 1097, बंटवारा के 122, अभिलेख दुरुस्ती के 39, सीमांकन के 96, नक्शा तरमीम के 31565, खसरे से आधार लिंक के 50440 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

**भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण की कार्यवाही में तेजी लाएं :** बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नेशनल हाईवे तथा रेलवे के लिए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा वितरण की समीक्षा के दौरान शेष भूस्वामियों को शीघ्र मुआवजा वितरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बुधनी अनुभाग के अंतर्गत नेशनल हाईवे के लिए अधिकृत भूमि का मुआवजा वितरण की कार्यवाही तेजी से करने के निर्देश दिए।

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू का हुआ छठवाँ दीक्षांत समारोह

# विश्वविद्यालय और शिक्षक, हमारी संस्कृति के अनुरूप देश और समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए युवा पीढ़ी को करें तैयार - राज्यपाल श्री पटेल

## युवाओं के कौशल विकास और स्पष्ट मार्गदर्शन के साथ ही विश्वविद्यालयों को बनाएंगे आत्मनिर्भर - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल ● एजेंसी

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए समरस, समावेशी राष्ट्र के संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि से हमें संविधान के रूप में जाति, लिंग, भाषा, धर्म, धन और शक्ति बल आदि के भेदभावों से मुक्त समावेशी, समरस समाज की धरोहर सौंपी है। राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को महू में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलाधिपति डॉ. प्रकाश सी बरततूनिया, विधायक सुश्री उषा ठाकुर उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हमारा संविधान प्रेरणादायक जीवंत दस्तावेज और स्वतंत्र भारत का आधुनिक धर्म ग्रंथ है, जिसका समर्पित भाव से पालन, हर भारतीय का परम कर्तव्य है। विद्यार्थियों का दायित्व है कि संविधान का अपने आचरण, व्यवहार में समर्थन और संरक्षण करें। समाज के तुलनात्मक रूप से वंचित, पिछड़े वर्गों, समुदायों के भाई बहनों के विकास की जवाबदारी, जिम्मेदारी के साथ स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बाबा साहेब के सपनों के अनुरूप राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा शिक्षण संस्थानों को ऐसे नागरिकों को तैयार करने का अवसर दिया है। यह जरूरी है कि विश्वविद्यालय और शिक्षक, हमारी संस्कृति के अनुरूप देश और समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सामाजिक समृद्धि और समानता के प्रति समर्पित युवा ध्वज वाहक तैयार करें।राज्यपाल ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि शिक्षण प्रणाली को वह विद्यार्थियों की उद्यमिता को बढ़ावा देने, नवाचार की प्रेरणा देने, चिंतन, नेतृत्व के गुणों के साथ सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के संस्कार प्रदान करने वाली बनाएं। युवा ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, देश जब आजादी की 100वीं सालगिरह मनाएगा, देश का नेतृत्व युवा कर रहे होंगे, उस समय विकसित भारत का स्वरूप कैसा हो उसके लिए युवाओं को आज से ही कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बाबा साहेब अंबेडकर ने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने को गौरव की बात बताते हुए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जो सीखा, वो समाज को समर्पित किया। देश का संविधान इस बात का प्रमाण है जिसमें भारत की विविधता भरी संस्कृति, जनजाति नागरिक आदि को एक साथ जोड़ा गया है। बाबा साहेब ने चित्रों के संयोजन से संविधान को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रहने के दौरान इस विश्वविद्यालय में कई संकाय शुरू किए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जरूरत के मुताबिक और नए संकाय खोले जाएँगे। जनवरी माह में राज्यपाल की अध्यक्षता में कुलगुरूओं की बैठक में इस पर निर्णय लिए जाने का मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और स्पष्ट दिशा देने के साथ ही विश्वविद्यालय की आत्मनिर्भरता के लिए प्रयास किए जाएँगे।

## 44वीं एनटीपीसी सीनियर रिकर्व कम्पाउण्ड नेशनल आर्चरी चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते 3 पदक

15 से 20 दिसंबर 2024 तक गोपाल मैदान जमशेदपुर झारखंड में आयोजित 44वीं एनटीपीसी सीनियर रिकर्व कम्पाउण्ड नेशनल आर्चरी चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य आर्चरी अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 रजत और 1 कांस्य पदक अर्जित किए।

### चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों का प्रदर्शन

व्यक्तिगत कम्पाउण्ड वूमेन स्पर्धा की खिलाड़ी- कु. श्रृष्टि सिंह ने रजत पदक जीता। कु. श्रृष्टि सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता, जिसमें उन्होंने अपनी सटीक निशानेबाजी का परिचय दिया।रिकर्व वूमेन टीम स्पर्धा में टीम सदस्य- कु. सोनिया ठाकुर, वित्षा ठाकुर, कृतिका बिचपुरिया, कु. जहान्वी देशमुख ने रजत पदक प्राप्त किया। इस टीम ने बेहतरीन तालमेल और कौशल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।ब्रांज मिक्स टीम इवेंट में खिलाड़ी- अमित कुमार और कृतिका बिचपुरिया ने कांस्य पदक हासिल किया। अमित कुमार और कृतिका बिचपुरिया की जोड़ी ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक हासिल किया।खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी विजेता खिलाड़ियों और कोचों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷मध्यप्रदेश के खिलाड़ी हर स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। ये उपलब्धियां प्रदेश की खेल संस्कृति को और सशक्त बनाएंगी।÷

» वायु सेना की फ्लाइंग ऑफिसर बनी शहर की मुस्कान

# यूट्यूब से पढ़ाई की, सोशल मीडिया की मदद से पाई देश में 6वीं रैंक

भोपाल ● एजेंसी



कहते हैं कि पढ़ाई-लिखाई में ध्यान लगाओ, सोशल मीडिया से रहो दूर, मगर इस धारणा को गलत साबित किया है भोपाल की मुस्कान खान ने। एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली 25 वर्षीय मुस्कान का चयन भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर (टेक्निकल ब्रांच) के तौर पर हुआ है।

बुधवार, 18 दिसंबर को वायुसेना के नतीजे घोषित किए गए। शहर की सिद्धार्थ लेक सिटी कॉलोनी में रहने वाली मुस्कान के पिता एम.एच. खान जवाहर नवोदय विद्यालय के रिटायर्ड प्रिंसिपल हैं।मुस्कान ने बताया कि सब कुछ आप पर निर्भर करता है। यदि आप पढ़ाई कर रहे हैं और आपका अपने ऊपर कंट्रोल है, तो आपको कुछ भी भ्रमित नहीं कर सकता।

वो कहती हैं ÷मैंने सोशल मीडिया पर बहुत सारे ऐसे पेज फॉलो किए थे, जहां डिफेंस की तैयारी को लेकर अच्छा कंटेंट उपलब्ध है। मैंने इन्हीं पेजों को अपनी इंस्पिरेशन बनाया। वहीं, यूट्यूब पर ÷सीडीएस जर्नी÷ नामक एक चैनल है, जिसकी फ्री क्लासेस मुझे बहुत मददगार लगीं। इसके अलावा, जीके से संबंधित कंटेंट के लिए मैं ÷स्टडी आईक्यू÷ से पढ़ती थी, जहां मॉक टेस्ट भी उपलब्ध होते हैं।÷

### भाई के चयन के बाद मिली इंस्पिरेशन

मुस्कान बताती हैं कि उनके भाई का कुछ साल पहले भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के तौर पर चयन हुआ था। उसी समय से उन्होंने भी भारतीय वायुसेना में जाने का सपना देखा। मुस्कान के भाई ने बी.टेक किया है, और वे उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा हैं।

मुस्कान के पिता एम.एच. खान बताते हैं कि 2016 में मुस्कान ने 12वीं की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से पास की थी। इसके बाद उन्होंने बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) श्री वैष्णो विश्वविद्यालय, इंदौर से किया।

मुस्कान ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा दें, खासकर अल्पसंख्यक पेरेंट्स। मुस्कान के मुताबिक, अगर बेटियों पर भरोसा किया जाए, तो वे हर वह काम कर सकती हैं, जो बेटे कर सकते हैं।

### फैमिली का सपोर्ट बहुत जरूरी

मुस्कान बताती हैं कि इस तरह की तैयारी के लिए फैमिली का सपोर्ट बहुत जरूरी होता है। वे कहती हैं, ÷जहां एक तरफ मेरी मां का इमोशनल सपोर्ट था, वहीं दूसरी तरफ भाई का हर छोटी-छोटी चीज़ों में मदद करना मेरे लिए बेहद अहम था। इसके अलावा, पापा भी मेरी तैयारी और बाकी चीजों में बहुत हेल्प करते रहे।÷

### कंसिस्टेंसी से बनाई जगह

मुस्कान कहती हैं कि अगर आपके अंदर कंसिस्टेंसी (निरंतरता) है, तो आप कुछ भी कर सकते हैं। आमतौर पर लोग असफलता के बाद पीछे हट जाते हैं और कुछ नया करने की सोचने लगते हैं। मगर ऐसा नहीं करना चाहिए।वो कहती हैं ÷हमेशा अपनी पुरानी गलतियों से सीखना चाहिए और आगे बेहतर परफॉर्म करना चाहिए।

# तकनीकी का लाभ लेकर स्वावलंबी बनें किसान: मंत्री श्री लखन पटेल




भोपाल ● एजेंसी

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा है कि किसान नवीन तकनीकों का लाभ लेकर स्वाबलंबी बनें। नवीन तकनीकी एवं योजनाओं का उद्देश्य किसानों को रोजगार दिलाने एवं आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने अपनी कृषि और आजीविका में सुधार किए हैं, उनकी कहानी प्रकाश में आना चाहिए।मंत्री श्री पटेल शुक्रवार को केंद्रीय कृषि अभियान अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल में आयोजित विशाल कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं अभियांत्रिकी मेले को संबोधित कर रहे थे। जिले की भोज आत्मा समिति एवं राइजिंग मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित इस मेले में देश भर की लगभग 100 से अधिक कंपनियों ने कृषि यंत्रों एवं तकनीक का सजीव प्रदर्शन किया। यह तीन दिवसीय आयोजन दिनांक 21 व 22 दिसंबर को भी जारी रहेगा।इस अवसर पर आयोजित कृषि संगोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉ. एस एस सिंधु, वैज्ञानिक आईएआरआई नई दिल्ली, डॉ. वाई सी गुप्ता, डॉ. पी बी भदोरिया आईआईटी खड़गपुर,प्रोफेसर डॉ. सी के गुप्ता सोलन, हिमाचल प्रदेश, डॉ. सी आर मेहता निदेशक कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, डॉ. सुरेश कौशिक आई. ए. आर. आई. नई दिल्ली, डॉ. प्रकाश नेपाल आदि वैज्ञानिको ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर किसानों को उपयोगी जानकारी दी। किसानो की समस्याओं और जिज्ञासाओं का स्थल निराकरण भी किया था। आयोजन के विस्तृत रूप रेखा श्री भरत बालियान ने प्रस्तुत की।

# पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर को मिला 'ईट राइट भोग स्थल' प्रमाण पत्र

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI), नई दिल्ली द्वारा पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर को 'ईट राइट भोग स्थल' प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रमाणन मंदिर परिसर के प्रसाद और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किया गया है।

**क्या है 'ईट राइट भोग स्थल' प्रमाण पत्र**

'ईट राइट भोग स्थल' प्रमाण पत्र भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्न्रस्स्ढ्ढ) की एक पहल है, जो पूजा स्थलों पर उच्च गुणवत्ता वाले और सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह प्रमाण पत्र सुनिश्चित करता है कि धार्मिक स्थलों पर परोसे जाने वाले प्रसाद व भोजन सभी मानकों का पालन करते हुए तैयार किए गए हों।

## अमित शाह के इस्तिफे को लेकर सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में महामहीम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा!




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौपा गया तथा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सांसद दिग्विजय सिंह से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा की मांग कर कठोर से कठोर कार्रवाई करते हुए लोकसभा राज्यसभा में देश की जनता के समक्ष अमित शाह से अंबेडकर जी के प्रति की गई असौभनीय टिप्पणी के संबंध में माफी मांगने की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने ज्ञापन सौंपते हुए कलेक्टर को बताया कि राज्यसभा सदन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह की तरफ से संविधान के गौरवशाली 75 वी वर्षगांठ की चर्चा के दौरान डॉ.अम्बेडकर के प्रति जो टिप्पणी की गई है भाजपा का जातीय और दलित विरोध मानसिकता को दर्शाता है। अमित शाह द्वारा राज्यसभा सदन में कहा गया कि अम्बेडकर अम्बेडकर अम्बेडकर अम्बेडकर एक फैशन हो गया है। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। अमित शाह को अगर गोडसे, गोलवलकर, सावरकर से फुर्सत मिल गई होती तो अम्बेडकर को जान लिया होता उन्होने भारतीय समाज में मौजूद करोड़ वंचित शोषितों, मजलूमों महिलाओं को को उस जगह से निकाला जो नरक की बदतर जिन्दगी जी रहे थे। हम सब बाबा साहब को सर्वहारा वर्ग के हीरो के रूप में पूजते हैं। बाबा साहब का अपमान देश का अपमान है। शाह द्वारा की गई टिप्पणी भाजपा का दलित विरोधी चेहरा है। अगर गृह मंत्री का शीघ्र इस्तीफा नही लिया गया तो कांग्रेस देशभर में भारी प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लाक कांग्रेस शहर के अध्यक्ष निशांत वर्मा, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, आशीष गेहलोत, मजीर भाई पार्षद, पवन राठौर, डॉ.अनीस खान, सुरेश साबू, राजाराम बड़े भाई, प्रीतम दयाल चौरसिया, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, ओमप्रकाश बाबा राठौर, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, पंकज शर्मा, तुलसी राजकुमार राठौर, अनोखी वर्मा, आशा गुप्ता, के.के.रिछारिया, विजय वर्के, भगत सिंह तोमर, मांगीलाल टिमरई, बी.एस.पेठारी, कमल अहिरवार, ईश्वर सिंह चौहान, सुदीप व्यास, दीपक सोनकर, प्रवेश परिहार, प्यारे मियां, धर्मप्रकाश आर्य, धन्नालाल परचोले, पन्नालाल खंगराले, घनश्याम जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

» जमीन में गाड़ रखी थी 2 क्विंटल चांदी

# भोपाल में टाइल्स उखाड़कर निकाली 200 सिल्लियां; पूर्व आरटीओ आरक्षक के यहां 17 घंटे चली रेड



भोपाल में लोकायुक्त की रेड के दौरान आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकाने से चांदी की 200 सिल्लियां मिली थी। ये सिल्लियां उसने अपने ऑफिस में जमीन के अंदर गाड़ रखी थी।सौरभ शर्मा ने जयपुरिया स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर अपना ऑफिस बना रखा है। यहां उसने फ्लोर में अंडर ग्राउंड लॉकर बना रखा था। जिस पर दो टाइल्स रखे थे और इसके ऊपर कार्पेट बिछा रखा था।

लोकायुक्त की टीम ने कार्पेट को हटाने बाद टाइल्स चेक किए। यह टाइल्स बजाने पर अंदर से खोखले होने जैसा साउंड कर रहे थे। जब इन्हें हटाया गया तो अंदर प्लास्टिक के 5 बोरे और झोले मिले। इनमें चांदी की 200 सिल्लियां रखी थी। जिनका वजन दो सौ किलो ग्राम है।

इसी ऑफिस में 500 से ज्यादा दस्तावेज मिले हैं। ज्यादातर दस्तावेज प्रॉपर्टी संबंधी हैं। जिसमें एग्रीमेंट सहित बैंक पासबुक, चेक और वसीयत नामे मौजूद हैं।

### 2.95 करोड़ कैश, 50 लाख का सोना भी मिला

बता दें कि लोकायुक्त की टीम ने आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के भोपाल के ई-7 अरेरा कॉलोनी स्थित घर और ऑफिस पर गुरुवार सुबह करीब 7 बजे रेड की थी। जो करीब 17 घंटे रात 12.30 बजे तक चली। इस दौरान पुलिस को नोट गिनने की सात मशीन, कुल 2.95 करोड़ कैश, दो क्विंटल चांदी की सिल्ली, दस किलो चांदी के जेवरात और पचास लाख रुपए का सोना मिला है।

### भोपाल सहित कई शहरों में प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले

छापे की कार्रवाई में दो कारें, एक स्कूल, एक निर्माणाधीन बंगला, लग्जरी लाइफ स्टाइल का करीब दो करोड़ रुपए कीमत का सामान भी मिला है। जिसमें महंगे कपड़े, कीमती झूमर और धातु की मूर्तियां शामिल हैं। आरोपी के ऑफिस से भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित कई शहरों में प्रॉपर्टी के दस्तावेज, एग्रीमेंट मिले हैं।अब तक आरोपी के तीन बैंक अकाउंट की जानकारी लोकायुक्त टीम को मिली है। इनमें कितना कैश है, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। सौरभ फिलहाल भोपाल में नहीं हैं। कार्रवाई से पहले ही वह दुबई में थे।सौरभ शर्मा परिवहन विभाग (RTO) में आरक्षक रहे हैं। एक साल पहले वीआरएस ले चुके हैं। फिलहाल, रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं। उनके एक होटल पर भी सर्चिंग गई है। सौरभ ने महज 7 साल की नौकरी में प्रदेश भर में करोड़ों का अवैध साम्राज्य खड़ा किया है।

### सवा दो करोड़ में खरीदा था बंगला

अरेरा कॉलोनी के ई-7/17 नंबर के जिस बंगले में सौरभ रह रहा है, उसे साल 2015 में सवा दो करोड़ रुपए में खरीदा गया है। यह बंगला सौरभ अपने जीजा का होना बताता है। इस बंगले की वर्तमान कीमत करीब 7 करोड़ रुपए है। जब बंगला लिया गया, तब सौरभ नौकरी पर था। अनुमान लगाया जा रहा है कि नजर में न आए इसलिए उसने दूसरे के नाम से बंगले को खरीदा था।

### सौरभ के दोस्त की कार में मिला 54 किलो सोना

सौरभ ने चार साल पहले अपने ग्वालियर में रहने वाले चेतन सिंह गौर नाम के दोस्त को भोपाल बुला लिया। यहां उसके नाम से संपत्तियां खरीदी। मेंडोरी के जंगल में जो इनोवा कार 52 किलो सोने और 11 करोड़ रुपए कैश के साथ आईटी को लावारिस हालत में मिली। वह कार चेतन इस्तेमाल करता था। इस पर एमपी आरटीओ लिखा है। इस कार के साथ चेतन का एक फोटो भी सामने आया है।

### घर के इंटीरियर पर खर्च किए दो करोड़ रुपए

सौरभ के घर में कीमती सैनिटरी, झूमर, होम डेकोर का लग्जरी सामान मिला था। इंटीरियर डिजाइनिंग में करीब दो करोड़ रुपए खर्च किए हैं।सौरभ शर्मा वीआरएस लेने से पहले ही रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ गया था। प्रदेश के कई रसूखदारों से उसकी नजदीकी थी। लिहाजा कार्रवाई के डर से उसने वीआरएस लिया और बिल्डर बन गया।

# नदी जोड़ो परियोजनाएं प्रदेश में विकास की लिखेगी नयी इबारत:मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## इंदौर को हर क्षेत्र में बनाया जायेगा नम्बर-वन

## इंदौर में होगी आईटी समिट, नेहरू स्टेडियम का होगा पुनर्निर्माण

## नगर निगम का बनेगा नया भव्य भवन

## मुख्यमंत्री ने इंदौर को दी 1249 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

भोपाल ● एजेंसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर, माँ देवी अहिल्या की नगरी है, जो विकास का पर्याय रहीं है। उनके कार्यकाल में देव स्थानों का पूरे देश में अद्भुत विकास हुआ है। इंदौर वर्तमान में देश का सबसे स्वच्छ शहर है। यह आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्मार्ट सिटी के कार्यों आदि में देश में भी अव्वल है। अब इंदौर को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के कार्य तेजी से होंगे। इंदौर का सर्वांगीण विकास कर इंदौर को देश के प्रमुख महानगरों के समकक्ष खड़ा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इंदौर के नेहरू स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जायेगा। यहाँ आईटी के विकास की अपार संभावनाएं है, इसको देखते हुए इंदौर में जल्द ही आईटी समिट आयोजित की जायेगी। इंदौर नगर निगम का नया भव्य भवन भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर में जनकल्याण पर्व के तहत आयोजित लोकार्पण एवं भूमि-पूजन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के लिये 1249 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नदी जोड़ो परियोजना प्रदेश में विकास की नयी इबारत लिखेंगी। मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर एक साथ कार्य हो रहा है। यह परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मूर्तरूप ले रही हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से नदियों को आपस में जोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में हो रहे विकास की सराहना करते हुए कहा कि इंदौर को अब हर क्षेत्र में नम्बर-वन बनाया जायेगा। इंदौर को देश के प्रमुख महानगरों की तरह विकसित किया जायेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे हमेशा से सम्मानीय है। उनका सम्मान हमेशा कायम रहेगा। बाबा साहेब की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिये पंच तीर्थ विकसित किये गये है। उनके जीवन से जुड़े 5 प्रमुख स्थलों को तीर्थ-स्थल का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में की जा रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए नागरिकों से उनका लाभ लेने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि जनकल्याण अभियान के माध्यम से शासन की 76 योजनाओं और सेवाओं का लाभ आमजन तक घर-घर जाकर पहुंचाया जा रहा है।नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव हमारे इंदौर जिले के प्रभारी भी है। उनके नेतृत्व में इंदौर शहर हर क्षेत्र में नंबर वन होगा। सफाई में नंबर वन है, जल-संरक्षण में हम नंबर वन है। अब पर्यावरण में भी इंदौर को नंबर वन बनाने के प्रयास शुरू किये गये है। इंदौर में 51 लाख पौधे लगाये गये है। साथ ही यह संकल्प भी लिया गया है कि आगामी 5 साल तक हर साल 51 लाख पौधें लगाये जायेंगे। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे कि शहर के तापमान को 5 डिग्री तक कम करें। उन्होंने कहा कि इंदौर को ट्रैफिक समस्या से भी निजात दिलाने के लिए प्लानिंग की जा रही है। इंदौर के ट्रैफिक में सुधार कर नंबर वन बनायेंगे।



जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर जो भी करता है अद्भुत करता है। इंदौर में यह पहली बार हो रहा जब एक ही दिन में एक साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 1249 करोड़ रूपये के विकास की सौगात दी गई है। इंदौर, विकास का मॉडल बन गया है। यहां विकास एवं प्रगति की नयी बुनियाद रखी जा रही है। नदी जोड़ो परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अब सिचाई और पेयजल की सुविधा में आशातित वृद्धि होगी। इन परियोजनाओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मूर्तरूप देकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेई के संकल्पों को पूरा किया जा रहा है।कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने स्वागत भाषण देते हुए इंदौर शहर के विकास के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री मनोज पटेल, श्री गोलू शुक्ला, श्री मधु वर्मा, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया, श्री गौरव रणदिवे, श्री चिंटू वर्मा, नगर निगम के सभापति श्री मुन्नालाल यादव सहित महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण व बडी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### इंदौर को मिली 1249 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर को 1249 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने इंदौर शहर में 511.12 करोड़ रूपये लागत के एसटीपी निर्माण एवं सीवर लाइन डालने के कार्य का भूमि-पूजन किया। साथ ही इंदौर शहर में 442 करोड़ रूपये लागत से बनने वाली मास्टर प्लान की 22 नवीन सड़कों, 43 करोड़ रूपये लागत से बनने वाली एमआर-10 से एमआर-12 लिंक रोड़ विकास कार्य, लगभग 8 करोड़ रूपये लागत से बनने वाले कस्तूरबा गार्डन के पीछे स्पोटर्स कॉम्पलेक्स, प्रतीक सेतु के नीचे 1.20 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले शहीद स्मारक, वार्ड क्रमांक-34 में 1.15 करोड़ रूपये लागत के चौराहे के सौंदर्यीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने 21 करोड़ रूपये लागत के नवीन जल वितरण पाइप लाइन, 5.50 करोड़ रूपये लागत के स्मार्ट सिटी एबीडी एरिये में नवीन सीवर लाइन और 100 टन क्षमता के ग्रीन वेस्ट प्लांट सहित शहर के विकास से जुड़े अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर निगम इंदौर के डॉक्युमेंट डिजिटाइजेशन का लोकार्पण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं में चयनित हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।

## ॥ संपादकीय ॥



# सच ही तो है- अंबेडकर जी सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही "दलित विमर्श" रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही "सामाजिक समरसता" के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। इस "दलित विमर्श" के ही डीएनए का परिणाम है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इस देश में अंबेडकर जी को 'भारत रत्न' सम्मान मिल पाया। अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, उसने तो नेहरू जी के प्रधानमंत्री रहते नेहरू जी को और इंदिरा जी की सरकार रहते इंदिराजी को भारत रत्न दे दिया था। अंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन सुबह के अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में अंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व अंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग या केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव से रही है, इसका परिणाम है कि, मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने "समता नगर" रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्तराव सिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे।

संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री जी के इस व्यक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो अंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा - "हमे तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं। अंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। अंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। अंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं"। शाह ने आगे कहा, अंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।" "उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। अंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ, इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।'

बार बार संविधान और फैशन में अंबेडकर जी का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में अंबेडकर जी को प्रवेश तक भी न मिलने देनें हेतु षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। अंबेडकर जी बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में ईक्कावन प्रतिशत हिंदू बहुल वाले क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया था ताकि अंबेडकर जी की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए।

आज अंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो अंबेडकर जी का चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही अंबेडकर जी का चित्र लग पाया था। भाजपा ने अंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना करने हेतु गए। भाजपा ने दिल्ली के 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया जहां बाबासाहेब ने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था।

कांग्रेस के दुष्प्रचार के विरुद्ध प्रधानमंत्री मोदी जी के इस ट्वीट (एक्स) का एक-एक शब्द एक-एक पुस्तक के बराबर है-

If the Congress and its rotten ecosystem think their malicious lies can hide their misdeeds of several years, especially their insult towards Dr. Ambedkar, they are gravely mistaken !

The people of India have seen time and again how one Party, led by one dynasty, has indulged in every possible dirty trick to obliterate the legacy of Dr. Ambedkar and humiliate the SC/ST communities.

देश विभाजन की जनक कांग्रेस के सामने बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। यह नेहरू जी को बहुत भयभीत करता था। नेहरू जी वे अंबेडकर जी की प्रतिभा को जानते थे अतः वे उन्हें सत्ता की दहलीज़ तक भी नहीं आने देना चाहते थे। अंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधी जी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के पुरजोर विरोध में थे। अंबेडकर जी की पुस्तक "थॉट्स ऑन पाकिस्तान" में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि "मुस्लिम तुष्टिकरण" की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः "तुम उधर-हम इधर" की नीति अपनाई जानी चाहिए।

बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक "थॉट्स ऑन पाकिस्तान" में भारत के धार्मिक आधार पर पूर्ण विभाजन के आशय से पृष्ठ 103 पर लिखा "यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्तान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा"। अंबेडकर जी के इन्ही मुस्लिम विरोधी विचारों के कारण से 'मुस्लिम तुष्टिकरण में लगे नेहरू जी व गांधी जी' अंबेडकर जी को आगे नहीं आने देना चाहते थे। इसी क्रम में मुंबई से दो बार अंबेडकर जी को चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक हरवाया गया। इन दोनों बार के चुनावों में अंबेडकर जी की पराजय को सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री नेहरू जी ने स्वयं मुंबई जाकर चुनाव प्रचार किया था व अपने विरोधी दलों से भी अंबेडकर जी को पराजित कराने हेतु मित्रतापूर्ण संबंध बनाए थे।

आज जो कांग्रेस और कुछ अन्य दल अंबेडकर जी का नाम फैशन में या सत्तामोह में ले रहें हैं उन्हें इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ लेना चाहिए कि अंबेडकर जी केवल और केवल सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं !

• प्रवीण गुगनानी, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार, राजभाषा

---

संसद में घमासान - शाबाश ? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों- एफआईआर बनाम एफआईआर

# लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुक्की बाचाबाची देखकर मतदाता, जनता हैरान

**धक्कामुक्की का मामला पुलिस थाने की दहलीज पर पहुंचने पर एफआईआर बनाम एफआईआर की करें तो, संसद भवन में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की के बाद लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से भी शिकायतें की हैं।संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि के द्वारा शारीरिक हमला और उकसाने के लिए उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र जिसके बारे में पूरी दुनियाँ चर्चा करती है। दूसरी ओर भारत का संविधान जो हमारे लिए पूज्यनीय है, परंतु इसके ऊपर ही संसद में चर्चा पर घमासान मचा हुआ है। दरअसल संसद के ऊपरी सदन में माननीय गृहमंत्री ने संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए कुछ ऐसा जुमला बोला कि विपक्ष ने उसे हाथों- हाथ लपक लिया, उसे मुद्दा बनाकर गृहमंत्री के पद छोड़नें की मांग तक की बात बना दी जिसके बचाव में माननीय पीएम सहित अनेक मंत्री सामने आए व गृहमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर कहां की उसके बयान को एआई की मदद से तोड़ मरोड़ कर एक अंश को प्रस्तुत किया गया है जिसपर दो दिनों से घमासान चल रहा है, परंतु गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 का दिन संसद क़े काला दिवस के रूप में माना जा सकता है,जहां शाब्दिक घमासान ने धक्का मुकी का रूप ले लिया, जिसमें दो सांसद महोदय घायल हो गए हैं व अस्पताल में भर्ती है,तथा दोनों प्रमुख पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ़ पुलिसथाने में एफआईआर दर्ज करा दी है सताधारी पार्टी ने नए आईपीसी कानून की धारा 115 117 125 131 351 3(5) तो विपक्षी बड़ी पार्टी ने 114 115 116 117 129 130 131 133 धाराओं के अंतर्गत सांसद मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है जो मैंने एफआईआर के लिए दी गई पांच पुष्ठों की कॉपी देखी उसमें करीब 15 संसद सदस्यों के हस्ताक्षर भी हैं, जो मैंने अपने 40 वर्षों के स्तंभकार लेखन के करियर में शायद पहली बार ही यह देखा हूं, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुकी बाचाबाची देखकर मतदाता,जनता हैरान है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संसद में धमासान शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों एफआईआर बनाम एफआईआर।

साथियों बात अगर हम गुरुवार दिनांक 19 नवंबर 2024 को संसद परिक्षेत्र में धक्कामुक्की करें तो, बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और इस दौरान उनकी कथित तौर पर धक्का-मुक्की भी हुई। सत्ताधारी पार्टी का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्का-मुक्की की जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कांग्रेस का आरोप है




कि पार्टी मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत भी दर्ज कराई है।कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, गृह मंत्री ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है। आज बाबासाहेब के अपमान के खिलाफ संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। जब इंडिया गठबंधन के सांसद मकर द्वार पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद पार्टी के सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष और नेता विपक्ष के साथ धक्का-मुक्की और बदसलूकी की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष को चोट भी आई है सत्ताधारी पार्टी की इस गुंडागर्दी के खिलाफ आज कांग्रेस के सांसदों ने संसद मार्ग स्थित पुलिस थाने में बदसलूकी करने वाले सांसदों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।लोकसभा स्पीकर को भी लिखा पत्र इसके अलावा कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की, जो न सिर्फ कांग्रेस नेता की गरिमा पर हमला है, बल्कि संसद की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत भी है। उन्होंने बिरला से आग्रह किया कि इस मामले में वह उचित कार्रवाई करें। कांग्रेस सांसदों ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आप इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

साथियों बात अगर हम इस धक्कामुक्की का मामला पुलिस थाने की दहलीज पर पहुंचने पर एफआईआर बनाम एफआईआर की करें तो, संसद भवन में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की के बाद लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।इस मामले में नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से भी शिकायतें की हैं।संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि के द्वारा शारीरिक हमला और उकसाने के लिए उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से कांग्रेस के झूठ के प्रोपेगेंडा को बेनकाब कर रहे थे और उनसे माफी की मांग कर रहे थे। उसी समय राहुल गांधी अपने इंडी गठबंधन के सांसदों के साथ आए और तय रास्ते से न जाकर एनडीए के सांसदों के बीच आ गए। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों को उकसाया भी और दुर्भावनापूर्ण रवैये के साथ आगे बढ़े।राहुल गांधी के खिलाफ उन्होंने बीएनएस की धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। इसमें 109 हत्या का प्रयास और 117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने का मामला है।दूसरी तरफ, मणिपुर से भाजपा की महिला राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक ने राहुल गांधी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने सभापति को पत्र लिखकर राहुल गांधी बताया कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए अत्याचारों के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन में भाग ले रही थीं, तभी यह घटना हुई।कोन्याक ने चिट्ठी में बताया, मैं मकर द्वार की सीढ़ियों के नीचे हाथ में तख्ती लेकर खड़ी थी। सुरक्षाकर्मियों ने वहां घेराबंदी कर दूसरे दलों के सांसदों के प्रवेश के लिए एक रास्ता बनाया हुआ था। उसी समय राहुल गांधी अपनी पार्टी के अन्य सांसदों के साथ मेरे सामने आ गए, जबकि उनके लिए अलग रास्ता बनाया हुआ था। उन्होंने ऊंची आवाज में मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और वह मेरे इतने करीब थे कि एक महिला सदस्य होने के नाते मैं बहुत असहज महसूस कर रही थी।. कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायतसंसद भवन परिसर में हुई हाथापाई को लेकर कांग्रेस ने भी बीजेपी सांसदों के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस ने बीजेपी सांसदों पर अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसके अलावा कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दावा किया कि बीजेपी के तीन सांसदों ने संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष के साथ धक्का-मुक्की की। कांग्रेस ने स्पीकर से उचित कार्रवाई की मांग की।

अतः अगर हम उपरोक्त पुरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संसद में घमासान - शाबाश? हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों- एफआईआर बनाम एफआईआर लोकतंत्र के मंदिर में अपने प्रतिनिधियों की धक्कामुक्की बाचाबाची देखकर मतदाता, जनता हैरान.बाबासाहेब आंबेडकर मुद्दे पर छिड़ा धमासान धक्का मुक्की से लेकर, पुलिस थाने की दहलीज़ तक पहुंचा- मतदाता दंग उनका भ्रम भंग

• लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र (उपरोक्त दिए गए विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं)

---

# 'अंबेडकर' एक सियासी फैशन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बयान दे दिया कि अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर कहना अब एक राजनीतिक फैशन बन गया है। इस बयान से कुछ हद तक हम भी इत्तफाक रखते हैं, लेकिन गृहमंत्री ने यह भी कहा कि यदि इतनी बार भगवान का नाम लिया होता, तो सात जन्मों के लिए स्वर्ग ही मिल जाता।' बेशक बाद का कथन आपत्तिजनक है। संसद में ऐसे कथन 'असंसदीय' माने जाते रहे हैं। दरअसल बयान से न तो बाबा अंबेडकर का अपमान हुआ है और न ही किसी का सम्मान हुआ है। उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा और देश से माफी मांगने का आग्रह किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से भी आग्रह किया कि अमित शाह को कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया जाए। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर ही पलटवार कर सियासत को अलग दिशा दी। प्रधानमंत्री के बयान को सामान्य नहीं माना जा सकता। अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखने में अग्रणी भूमिका निभाई, लेकिन आजादी के अल्पकाल के बाद ही उन्हें एहसास हो गया था कि संविधान गलत हाथों में चला गया है। इस संदर्भ में उन्होंने राज्यसभा में ऐसा बयान दिया था, जिसे हम दोहराना नहीं चाहते। उस बयान के निहितार्थ ये थे कि बाबा को संविधान तैयार करने का अफसोस, उनके भीतर, था। लेकिन उन्होंने संविधान के जरिए दलितों, वंचितों, पिछड़ों, आदिवासियों आदि के लिए आरक्षण की जो व्यवस्था की और सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक विषमताओं से लडऩे की जो क्षमता दी, उसके मद्देनजर ये वर्ग बाबा को 'महामानव' और 'भगवान' के समान ही मानते हैं। लिहाजा अंबेडकर के खिलाफ जो सियासत खेली जाती है या विवादास्पद बयान दिए जाते हैं, तो वे हरकतें इन तबकों को असहनीय लगती हैं। अंबेडकर से भाजपा (अथवा जनसंघ) के राजनीतिक सरोकार बेहद कम रहे हैं। देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने उन्हें देश की प्रथम राष्ट्रीय सरकार में कानून मंत्री बनाया था। उसी सरकार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी उद्योग-वाणिज्य मंत्री थे। नेहरू और इन दोनों बौद्धिक नेताओं के बीच कई विरोधाभास थे।

वे नेहरूवादी नीतियों से सहमत भी नहीं थे, नतीजतन दोनों ने मंत्री पद से इस्तीफे दिए। कांग्रेस में अंबेडकर की राजनीति के विरोध की शुरुआत यहीं से होती है। श्यामा प्रसाद ने 'जनसंघ' पार्टी की स्थापना की, तो अंबेडकर ने डॉ. राममनोहर लोहिया के साथ मिल कर 'सामाजिक न्याय' की राजनीति का सूत्रपात किया। उन्हें हिंदूवादी राजनीति का भी कुछ समर्थन मिला। नेहरू ऐसी सियासत के खिलाफ थे, नतीजतन उन्होंने भरपूर प्रचार और प्रयास कर अंबेडकर को दो बार लोकसभा चुनाव हराया। उन पराजयों पर नेहरू बेहद खुश थे। उन्होंने ही तब की हिंदूवादी राजनीति को 'सांप्रदायिक' करार दिया था। ये बातें नेहरू के तत्कालीन पत्रों में स्पष्ट कही गई थीं। कांग्रेस का अंबेडकर-विरोध यहां से घनीभूत होना शुरू और 6 दिसंबर, 1956 को बाबा के निधन तक जारी रहा। प्रधानमंत्री नेहरू ने 1955 में खुद को 'भारत-रत्न' सम्मान से नवाज लिया, लेकिन देश के संविधान के रचनाकार अंबेडकर को इस लायक नहीं समझा। उसके बाद कांग्रेस की जितनी भी सरकारें आईं, उन्होंने बाबा अंबेडकर को 'भारत-रत्न' नहीं समझा।

---

## टेक्नोलॉजी

# वॉट्सऐप ने नए साल के लिए जारी किए नए फीचर्स, कॉलिंग इफेक्ट भी होगा मजेदार!

वॉट्सऐप ने नए स्टिकर्स भी पेश किए हैं. नए साल को ध्यान में रखकर नए अवतार स्टिकर्स के साथ एक क्यूरेटेड न्यू ईयर ईव (NYE) स्टिकर पैक भी उपलब्ध कराया गया है.

वॉट्सऐप नए साल के लिए कॉलिंग और मैसेजिंग के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए मजेदार फीचर्स पेश कर रहा है. गुरुवार को कंपनी ने इसकी घोषणा की. WhatsApp यूजर्स नए साल की थीम के साथ कॉलिंग इफेक्ट का फायदा उठा सकेंगे. हालांकि, इसका फायदा केवल सीमित समय के लिए मिलेगा. साथ ही इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने त्योहारी माहौल को ध्यान में रखकर नए एनिमेशन और स्टिकर पैक भी पेश किए हैं.

जानें कैसे उठा सकते हैं इस फीचर का फायदा - WhatsApp का मुताबिक, अब यूजर छुट्टियों के दौरान वीडियो कॉल कर सकते हैं और नए साल के लिए फेस्टिवल बैकग्राउंड, फिल्टर और इफेक्ट लगा सकते हैं. वहीं, जब कोई यूजर चुनिंदा पार्टी इमोजी का इस्तेमाल करके किसी मैसेज पर रिएक्शन देंगे तब भेजने वाले और रिसीवर दोनों के लिए एक कन्फेट्टी एनिमेशन दिखाई देगा.



नए स्टिकर्स भी किए पेश - वॉट्सऐप ने नए स्टिकर्स भी पेश किए हैं. नए साल को ध्यान में रखकर नए अवतार स्टिकर्स के साथ एक क्यूरेटेड न्यू ईयर ईव (NYE) स्टिकर पैक भी उपलब्ध कराया गया है. इससे यूजर्स का एक्सपीरियंस काफी ज्यादा बढ़ जाएगा.

WhatsApp Video Calls के लिए New Effects - WhatsApp ने अब वीडियो कॉल्स को और मजेदार बना दिया है. अब आप वीडियो कॉल के दौरान अलग अलग इफेक्ट्स का चुनाव कर सकते हैं. अब आपको कॉल शुरू करने के लिए, या फिर कॉल के लिए लिंक बनाने के लिए या डायरेक्ट नंबर डायल करने के लिए, सभी प्रकार की सुविधाएं आसानी से प्राप्त होगी.

वॉट्सऐप ने वीडियो क्वालिटी को बनाया बेहतर - इसके अलावा, वॉट्सऐप ने वीडियो क्वालिटी को और ज्यादा बेहतर बना दिया है. आप अपने मोबाइल से या फिर डेस्कटॉप एप से वीडियो कॉल करते हैं तो पहले से ज्यादा हाई रेजोल्यूशन वाली वीडियो तस्वीर दिखाई देगी. इसकी जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी.

---

## जनरल नॉलेज

# वोटर लिस्ट से कैसे हटाए जाते हैं नाम, जान लें क्या है इसका पूरा प्रोसेस




**देश में चुनाव कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि वोटर लिस्ट से किसी मतदाता का नाम कैसे हटाया जा सकता है और इसके लिए क्या प्रोसेस होता है.**

देश में लगभग हर साल किसी ना किसी राज्य का चुनाव होता ही है. अभी हाल ही में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव खत्म हुआ है. वहीं अगले साल 2025 में दिल्ली विधानसभा चुनाव होने वाला है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि वोटर लिस्ट से वोटर्स का नाम कैसे हटाया जाता है. आज हम आपको इसके बारे में बताएंगे।

चुनाव आयोग - देश के लोकसभा चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक को चुनाव आयोग ही कराता है. इतना ही नहीं चुनाव आयोग अपने मतदाताओं को बहुत तरह की सुविधाएं भी देता है, जिसमें वोटर कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना, वोटर्स लिस्ट से नाम हटाना और बुजुर्गों को वोट देने के लिए अलग से सुविधा देना शामिल होता है.

वोटर्स लिस्ट से कैसे हटता है नाम - चुनाव आयोग द्वारा अब मतदाताओं के लिए बहुत सारी सुविधाएं ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं. ऐसे में अगर उन्हें कोई काम करवाना होता है, तो वह ऑनलाइन ही उसके लिए आवेदन दे सकते हैं. इतना ही नहीं चुनावों के दौरान या उससे पहले किसी की मृत्यु हो जाती है, तो फिर ऑनलाइन ही उसका नाम वोटर लिस्ट से हटवाया जा सकता है. आज हम आपको इसके प्रोसेस के बारे में बताएंगे.

वोटर लिस्ट से नाम हटाने का प्रोसेस - चुनाव आयोग द्वारा दिए गये जानकारी के मुताबिक किसी का वोटर रजिस्ट्रेशन कैंसिल कराने के लिए चार कारण हो सकते हैं. जिसमें पहला कारण है कि वोटर किसी दूसरे देश में शिफ्ट हो रहा है, दूसरा उसके पास किसी दूसरे देश की नागरिकता है, या फिर तीसरा उसके पास एक से ज्यादा वोटर कार्ड है, चौथा उसकी मृत्यु हो चुकी है. बता दें कि वोटर कार्ड कैंसिल करवाने के लिए सबसे पहले व्यक्ति को इलेक्शन कमिशन की आधिकारिक वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर जाना होगा.

नाम हटाना आसान? - बता दें कि इसके बाद आपको 'Objection for proposed inclusion/deletion of name in existing roll' के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा. इसके बाद आपके सामने प्रारूप 7 नाम का एक फार्म आएगा. इसमें वोटर रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने के लिए कुछ जानकारियां दी गई होंगी. इसके बाद आपको वाटर रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने के कारण सिलेक्ट करना होगा. फिर आपको कैप्चा कोड डालकर फॉर्म सबमिट कर देना होगा.

ऑनलाइन पता चलता है एप्लीकेशन स्टेटस - बता दें कि जब फॉर्म सबमिट करेंगे तो आपको स्क्रीन पर एक रेफरेंस नंबर मिलेगा. उसे रेफरेंस नंबर को आप नोट कर सकते हैं. इतना ही नहीं इस रेफरेंस नंबर के जरिए आप ऑनलाइन अपने एप्लीकेशन की स्थिति चेक कर सकते हैं. बता दें कि वोटर रजिस्ट्रेशन कैंसिल होने की पूरी प्रक्रिया में तकरीबन 7 से 10 दिन का वक्त लगता है. वहीं इसके लिए आप अगर ऑफलाइन आवेदन देना चाहते हैं, तो आपको अपने क्षेत्रीय बीएलओ से संपर्क करना होगा.

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप का कनाडा पर करारा तंज, ट्रूडो की हो रही किरकिरी



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** राजनीतिक उठापटक से जूझ रहे कनाडा के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ भारत से पंगे के बीच उसके लिए कई समस्याएं खड़ी हुई हैं। वहीं, अब अमेरिका भी लगातार उसका इम्तिहान ले रहा है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले तो कनाडा पर टैक्स बढ़ाने की बात की। अब उन्होंने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का प्रस्ताव तक दे डाला। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर इस बारे में पोस्ट किया। उन्होंने आगे लिखा कि बहुत से कनाडाई भी इस कदम का स्वागत कर रहे हैं। ट्रंप की इस पोस्ट को कनाडा के ऊपर बहुत बड़ा तंज माना जा रहा है। असल में इस हफ्ते एक लेगर जनमत सर्वेक्षण हुआ है। इसमें पाया गया कि 13 प्रतिशत कनाडाई अपने दक्षिणी पड़ोसी के साथ जुड़ने की धारणा का समर्थन करते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने इसी सर्वे के आधार पर कनाडा को 51वां राज्य बनाने की बात पोस्ट की है। डोनाल्ड ट्रंप ने तंज भरे अंदाज में लिखा कि कनाडा राजनीतिक उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में यहां के लोगों के लिए यह प्रस्ताव अच्छा हो सकता है। उन्होंने लिखा कि अगर कनाडा अमेरिका का हिस्सा बनता है तो टैक्स और सैन्य सुरक्षा पर उसकी बड़ी बचत होगी। बता दें कि ट्रंप लगातार अपनी सोशल मीडिया पोस्ट्स में ट्रूडो को कनाडा का गवर्नर बताते रहे हैं। अमेरिका के 50 राज्यों के नेताओं के लिए यही टाइटल इस्तेमाल किया जाता है। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर यह बात कही है। बीते दिनों जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ट्रंप से मिलने पहुंचे थे तब भी उन्होंने यह बात कही थी। उस वक्त भी इस बात को मजाक में उड़ा दिया गया था। बता दें कि सोमवार को कनाडा के डिप्टी पीएम ने इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद वहां पर राजनीतिक हालात और कठिन हो गए हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप की इस पोस्ट को लेकर कनाडा की राजधानी में नाराजगी है। लोगों ने इसे एक भद्दा मजाक और अपमानजनक बताया है। ट्रूडो के पूर्व सलाहकार गेराल्ड बट्स ने सोशल मीडिया पर कहा कि ट्रंप एक मुक्केबाज की तरह कट लगा रहे हैं। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री और ट्रंप के गोल्फ मित्र ब्रायन मुलरोनी के पूर्व कर्मचारी नॉर्मन स्पेक्टर ने हैरानी जताई कि क्या ट्रंप गंभीरता से अमेरिका के उत्तरी पड़ोसी को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं।

### बाइडन प्रशासन ने एच-1बी वीजा के नियमों में दी ढील, भारतीय स्टूडेंट्स और वर्कर्स को मिलेगा फायदा

**वाशिंगटन एजेंसी।** । अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने एच-1बी वीजा के नियमों में ढील देने का फैसला लिया है जिससे भारतीय स्टूडेंट्स और वर्कर्स के लिए अमेरिका जाने का रास्ता आसान हो जाएगा। यह बदलाव 17 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा।

1. एच-1बी वीजा पर काम करने वाले विदेशी वर्कर्स के लिए फायदा होगा। खासकर उन लोगों के लिए जो आईटी, फाइनेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में काम करते हैं। इससे अमेरिकी कंपनियों को विशेष कौशल वाले वर्कर्स की भर्ती में आसानी होगी।

2. एफ-1 छात्र वीजा से एच-1बी वीजा में बदलने की प्रक्रिया भी सरल हो जाएगी। यानी जो छात्र अमेरिका में पढ़ाई करने आते हैं वे आसानी से वर्क वीजा प्राप्त कर सकेंगे।

पहले एच-1बी वीजा का एक्सटेंशन कराने के लिए पूरा प्रोसेस दोबारा करना पड़ता था। अब प्रायर डेफरेंस पॉलिसी के तहत यह प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकेगी। इसका मतलब है कि वीजा का एक्सटेंशन सरल और तेजी से हो सकेगा।

अमेरिकी दूतावास से जुड़ी नई जानकारी

1. 1 जनवरी 2025 से, अमेरिकी गैर-प्रवासी वीजा आवेदक एक बार बिना किसी फीस के इंटरव्यू की अपॉइंटमेंट को फिर से तय कर सकेंगे।

# अमेरिका में बच्चों को वर्कप्लेस पर लाने का बढ़ रहा कल्चर

## रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी ने बताई वजह



**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में इन दिनों अपने बच्चों को वर्कप्लेस पर लाने का कल्चर बढ़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के नेता इसे खास तौर पर फॉलो कर रहे हैं। कुछ दिन पहले अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क कैपिटल हिल अपने 4 साल के बेटे के साथ पहुंचे थे।

वहीं अब भारतीय मूल के रिपबल्किन नेता और उद्योगपति विवेक रामास्वामी भी एक कार्यक्रम के दौरान अपने बेटे कार्तिक के साथ देखे गए। इस कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप, जेम्स डेविड वेंस समेत कई रिपब्लिकन नेता मौजूद थे।

### ट्रंप ने की कार्तिक से बात

इस दौरान ट्रंप ने रामास्वामी के बेटे कार्तिक को दुलारा और उससे बात की। कार्तिक ने अमेरिकी न्यूज प्रजेंटर पीट हेगसेथ के साथ कुछ पुश अप भी किए।

ट्रंप के साथ अपने बेटे की तस्वीर रामास्वामी ने सोशल मीडिया साइट पर शेयर करते हुअ लिखा, मुझे हमारे 47वें राष्ट्रपति के बारे में एक बात सबसे ज्यादा पसंद है कि वह बच्चों को काफी प्यार करते हैं।

### पुशअप का वीडियो किया शेयर

वहीं हेगसेथ के साथ पुश अप की वीडियो शेयर करते हुए रामास्वामी ने लिखा, हमारे डिफेंस सेक्रेटरी को पता है कि युवाओं की भर्ती कैसे करनी है। कार्तिक को आज एक नया दोस्त मिला।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप प्रशासन के नेताओं की उनके बच्चों और पोतों के साथ तस्वीर को शेयर करते हुए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि अमेरिका में अब वर्कप्लेस पर बच्चों को लाना सामान्य बनाया जा रहा है।

### मेक फैमिली ग्रेट अगेन

पोस्ट में कैप्शन लिखा गया, दुनिया को ऐसे उदाहरणों की जरूरत है। जिससे आप महान भी बने और परिवार वाले व्यक्ति भी। मेक फैमिली ग्रेट अगेन। इस पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए रामास्वामी ने लिखा, परिवार ही नींव है। आपको बता दें कि विवेक रामास्वामी और उनकी पत्नी अपूर्वा के दो बेटे हैं। वहीं जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा के तीन बच्चे हैं। ये नेता अक्सर वर्कप्लेस पर अपने बच्चों के साथ दिखते हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रंप भी कई बार अपने पोते-पोतियों के साथ वर्क प्लेस पर नजर आ चुके हैं।

# गूगल ने पकड़ लिया कार की डिक्की में शव रखता शख्स, तस्वीर से खोला हत्या का राज




**बार्सिलोना , एजेंसी।** स्पेन से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां गूगल मैप्स की मदद से एक हत्या का खुलासा हुआ और संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना उत्तरी स्पेन के एक छोटे से गांव अंदालुज की है, जहां 32 वर्षीय क्यूबा के एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। घटना ने तब तूल पकड़ा जब गूगल मैप्स की एक तस्वीर ने इस अपराध को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया, जब गूगल मैप्स पर अपलोड की गई एक तस्वीर पुलिस के लिए हत्या की जांच में अहम सुराग साबित हुई। तस्वीर में एक व्यक्ति को कार की डिक्की में शव रखता हुआ देखा गया। गूगल मैप्स पर यह तस्वीर तब ली गई थी, जब कैमरा पास के इलाके में सड़कों की स्थिति का डेटा एकत्र कर रहा था।

स्पेनिश पुलिस को जानकारी मिली कि 32 वर्षीय क्यूबाई व्यक्ति जॉर्ज लुइस पेरेज पिछले साल से लापता था। उसकी हत्या के बाद, उसके क्षत-विक्षत शरीर को अलग-अलग जगहों पर ठिकाने लगाया गया था। पीड़ित के शव का एक हिस्सा अंदालुज के एक कब्रिस्तान में दफन पाया गया। गूगल मैप्स की तस्वीर में दिखाई देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने संदिग्ध के रूप में पहचान लिया। जांच में यह भी पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति की पूर्व पत्नी कभी पीड़ित से शादीशुदा थी।

संदिग्ध पास के गांव ताजुएको में रहता था। पुलिस ने जब गूगल मैप्स की तस्वीर का विश्लेषण किया, तो संदिग्ध और उसकी गतिविधियां स्पष्ट हो गईं। गूगल की यह तस्वीर हत्या के मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण सबूत बन गई। जॉर्ज लुइस पेरेज 2023 में अचानक लापता हो गया था। उसके परिवार ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला। अक्टूबर 2024 में, गूगल ने अपने प्लेटफ़ॉर्म पर स्पेन के अंदालुज गांव की सड़कों की एक तस्वीर अपलोड की। इस तस्वीर में, संदिग्ध को कार की डिक्की में कुछ रखते हुए देखा गया।

# खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाक सुरक्षा बलों ने चलाया अभियान, 11 आतंकवादियों को किया ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को मार गिराया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, ये अभियान 17 और 18 दिसंबर को प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए।

### तीन जगहों पर चला अभियान

इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद टैंक जिले में पहला ऑपरेशन चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान सात आतंकवादी मारे गए।

वहीं, दूसरा ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल में हुआ, जहां दो आतंकवादी मारे गए।

मोहमंद जिले में दो और आतंकवादी मारे गए।

मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में पाकिस्तान में आतंकवादी हिंसा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में होने वाली मौतों में तेज वृद्धि देखी गई, जिसमें हिंसा में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान दर्ज 328 घटनाओं में नागरिकों, सुरक्षाकर्मियों और अपराधियों सहित कुल 722 लोग मारे गए, जबकि 615 अन्य घायल हुए। इनमें से लगभग 97 प्रतिशत मौतें खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुईं - जो एक दशक में सबसे अधिक प्रतिशत है और आतंकवादी हमलों और सुरक्षा बलों के अभियानों की 92 प्रतिशत से अधिक घटनाएं इन्हीं प्रांतों में दर्ज की गईं।

8 दिसंबर को हुए अभियान में मारे गए 22 आतंकवादी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो दिनों में तीन अलग-अलग अभियानों के दौरान कम से कम 22 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जबकि छह सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि खुफिया-आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) खैबर पख्तूनख्वा के टैंक, उत्तरी वजीरिस्तान और थाल जिलों में 6 से 7 दिसंबर तक हुए। टैंक जिले में, आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सैनिकों ने गुल इमाम क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप नौ आतंकवादियों की मौत हो गई, जबकि छह घायल हो गए।

वजीरिस्तान में 10 आतंकवादियों को मार गिराया

उत्तरी वजीरिस्तान में कम से कम 10 आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया, जबकि तीसरी मुठभेड़ में, आईएसपीआर के अनुसार, सुरक्षा बलों ने थाल जिले में एक चेक पोस्ट पर हमला करने के आतंकवादियों के प्रयास को विफल कर दिया, जिसके दौरान तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि, भीषण गोलीबारी के दौरान छह सैनिक भी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा, क्षेत्र में आतंकियों के सफाए के लिए अभियान शुरू किया गया है।

# 30,000 फीट ऊंचाई से गिरा विमान...जमीन से टकराते हुआ क्रैश, जिंदा जलने से मारे गए लोग




**सैन फर्नांडो , एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक खौफनाक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें 30,000 फीट की ऊंचाई से एक विमान जमीन पर गिरता दिखाई दे रहा है। अर्जेंटीना के सैन फर्नांडो एयरपोर्ट के पास बॉम्बार्डियर चैलेंजर 300 विमान हादसे का शिकार हो गया। विमान के गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और आग की लपटों ने इसे चपेट में ले लिया। हादसे में पायलट और को-पायलट जिंदा जल गए।

**कैसे हुआ हादसा?:** पुलिस के मुताबिक, विमान पुंटा डेल एस्टे से लौट रहा था और वापस उड़ान भरते समय पायलट ने नियंत्रण खो दिया। विमान आसमान में पलटियां खाते हुए जमीन पर गिरा, जिससे पहले वह एक इमारत से टकरा गया।

**विमान गिरने से मचा हड़कंप:** विमान के दुर्घटनाग्रस्त होते ही आसपास के घरों में आग की चिंगारियां गिरीं। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और इलाके को सील कर दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

**टेक्निकल फॉल्ट बनी हादसे की वजह?:** प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तकनीकी खामी बताया जा रहा है। हादसे की सही वजह ब्लैक बॉक्स की जांच के बाद सामने आएगी। विमान में 35 वर्षीय अगस्टिन ओरफोर्ट और 44 वर्षीय मार्टिन फर्नांडीज लोजा मौजूद थे, जिनकी मौत हो गई।

**सोशल मीडिया पर छाया हादसे का वीडियो:** प्रत्यक्षदर्शियों ने विमान गिरने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जो अब वायरल हो रहा है। इस हादसे ने दुनिया भर में विमान सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# जस्टिन ट्रूडो पर अब कनाडा पुलिस को ही भरोसा नहीं, सीधे कर डाली इस्तीफे की मांग



**ओटावा एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ विरोध बढ़ता नजर आ रहा है। अब खबर है कि टीपीए यानी टोरंटो पुलिस एसोसिएशन ने ट्रूडो के इस्तीफे की मांग कर दी है। संगठन ने यह कदम हाल ही में सरकार की तरफ से प्रस्तावित क्रिमिनल कोड में बदलाव के बाद उठाया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब कनाडा की उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने इस्तीफा दिया है।

टीपीए के आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किया गया, हमारे सदस्यों का जस्टिन ट्रूडो सरकार से भरोसा उठ गया है कि वह अब सही कारणों से सही काम करेगी। अब इस्तीफा देने और जनता की सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों को किसी और को संभालने देने का समय आ गया है। इससे पहले एसोसिएशन ने कहा था, यह बहुत ही हास्यापद है। 9 साल तक कुछ न करने के बाद आपने ऐसे समय का चुनाव किया जब आपकी सरकार अराजकता में उतर रही है और प्रस्तावों के जरिए हमें शांत करने की कोशिश की जा रही है। क्या मजाक है। साथ ही पोस्ट में पीएम ट्रूडो को टैग भी किया गया है।

**सरकार के प्रस्ताव:** दरअसल, कनाडाई सांसद अनिता आनंद की तरफ से कुछ प्रस्ताव पेश किए गए थे। पहला, क्रिमिनल कोड में संशोधन, ताकि बार बार और हिंसक अपराध करने वालों को जिम्मेदार ठहराया जा सके। दूसरा, वाहन की चोरी, तोड़फोड़ और जबरन घुसने जैसे हिंसक अपराधों में जमानत के लिए कड़ी शर्तें। तीसरा, निर्यात किए जाने वाले माल की जांच का अधिकार [illegible] अधिकारियों को देना।

**वित्त मंत्री का इस्तीफा:** उप प्रधानमंत्री के साथ-साथ वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के निर्देश के बाद सोमवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने की घोषणा की। फ्रीलैंड ने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने उनसे वित्त मंत्री पद छोड़ने और मंत्रिमंडल में कोई दूसरी भूमिका लेने के लिए कहा था। फ्रीलैंड ने अपने त्यागपत्र में कहा कि ऐसी स्थिति में उन्होंने मंत्रिमंडल छोड़ने का ही ईमानदार और व्यावहारिक रास्ता अपनाना बेहतर समझा।

कनाडा में हाल के समय में ट्रूडो सरकार की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आई है। ऐसे में ट्रूडो सरकार की सबसे ताकतवर मंत्री फ्रीलैंड के इस्तीफे को तगड़ा झटका माना जा रहा है।

# जापान में पर्यटक एक दिन के लिए बन सकते छात्र, अनुभव कर सकते देश का स्कूली जीवन



**टोक्यो , एजेंसी।** अगर आप जापान की स्कूल लाइफ का अनुभव लेना चाहते हैं, तो अब यह संभव है! जापान की एक कंपनी ने च्वन-डे स्टूडेंटज्ज योजना शुरू की है, जिसमें विदेशी पर्यटक 30,000 येन (लगभग 200 अमेरिकी डॉलर) देकर एक दिन के लिए जापानी स्कूल का हिस्सा बन सकते हैं। जापानी मंगा और ऐनिमे की लोकप्रियता के साथ-साथ, जापान की स्कूल संस्कृति भी दुनियाभर के लोगों को आकर्षित करती है। जापानी स्कूलों की खासियत उनके सैलर यूनिफॉर्म, मजेदार क्लब गतिविधियाँ, और मजबूत टीम भावना है। जापानी कंपनी ने कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम जापान के चिबा प्रीफेक्चर में स्थित एक पुराने स्कूल को पुनः उपयोग में लाकर चलाया जा रहा है। इस योजना में, विदेशी पर्यटकों को एक दिन के लिए जापानी हाई स्कूल का छात्र बनने का मौका मिलता है। यह पूरा अनुभव अंग्रेजी में संचालित होता है, ताकि भाषा की बाधा न हो।

### कैसे होता है अनुभव ?

- पर्यटक अपनी पसंद के अनुसार सैलर यूनिफॉर्म या सूट पहन सकते हैं।
- कार्यक्रम की शुरुआत एक ओपनिंग सेरेमनी से होती है, जिसके बाद उन्हें अलग-अलग कक्षाओं में बैठाया जाता है।
- छात्र जापानी भाषा की कक्षा में कैलीग्राफी (सुलेख) का अभ्यास करते हैं।
- बीच-बीच में स्कूल में आपदा ड्रिल्स भी कराई जाती हैं, जिसमें उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में बचने की तकनीक सिखाई जाती है, जैसे तुरंत डेस्क के नीचे छुपना।

### टीचर और उनका दिलचस्प अंदाज़

यहां के शिक्षकों की कहानी भी खास है। होमरूम टीचर हीडियो ओनिशिमा कभी एक शरारती छात्र थे। लेकिन एक मेंटर से प्रेरणा लेकर, उन्होंने अपनी जिंदगी बदली और शिक्षक बन गए। दूसरी टीचर रुकिया किकुची अपने छात्रों को प्रेरित करने के लिए जापानी ऐनिमे के प्रेरणादायक डायलॉग्स का इस्तेमाल करती हैं। यह कार्यक्रम न केवल जापान के स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यटकों को जापानी स्कूल संस्कृति का गहराई से अनुभव लेने का अवसर भी देता है।

### गाजा और यूक्रेन में फंसी रही दुनिया, इधर चीन ने बढ़ा ली परमाणु शक्ति; एक साल में जुटाए 100 हथियार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट और यूरोप के कई देश फिलहाल जंग की मार झेल रहे हैं। बीते साल इजरायल ईरान और रूस यूक्रेन की जंग में दुनिया के कई देश उलझे रहे। इस दौरान पूरी दुनिया का ध्यान गाजा और यूक्रेन पर ही रहा। हालांकि इस बीच भी चीन अपनी चालबाजियों में जुटा रहा। अमेरिका में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते साल चीन की परमाणु शक्ति कई गुणा बढ़ गई है। यह रिपोर्ट बुधवार को सामने आई है जिसमें कई खुलासे और दावे किए गए हैं।

पेंटागन की रिपोर्ट के मुताबिक चीन अपने परमाणु शक्ति बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन ने ताइवान के खिलाफ आक्रमकता बढ़ा दी है। वहीं पिछले एक साल में चीन ने रूस के साथ नजदीकियां भी बढ़ाई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मई तक चीन के पास लगभग 600 परमाणु हथियार थे। दावा किया गया है कि 2030 तक यह आंकड़ा 1,000 से भी ज्यादा होगा।

**चीन का आया जवाब:** इस रिपोर्ट पर चीन ने भी जवाब दिया है। चीन ने कहा है कि वह सेल्फ डिफेंस के लिए परमाणु रणनीति को अपनाता है। चीन ने हमेशा पहले आक्रमण ना करने की नीति का पालन किया है और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी न्यूनतम स्तर पर अपनी परमाणु क्षमताओं को बनाए रखा है। चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंग्यू ने बुधवार को कहा कि पेंटागन की ऐसी रिपोर्ट कोल्ड वार की मानसिकता से भरी हुई हैं, जिसका चीन दृढ़ता से विरोध करता है।

# बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ, 3-0 से अपने नाम किया सीरीज




नई दिल्ली, एजेंसी | वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य था लेकिन पूरी टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर सिमट गई. पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रनों का स्कोर बनाया.

बांग्लादेश ने तीसरे टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 80 रनों से हरा दिया है. इस तरह बांग्लादेश ने 3 टी20 मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम किया. वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य था, लेकिन कैरेबियन टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर सिमट गई. इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रनों का स्कोर बनाया.

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों का फ्लॉप शो... - बांग्लादेश के 189 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही. वेस्टइंडीज के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर पवैलियन का रूख करते रहे. ओपनर ब्रैंडन किंग बिना खाता खोले चलते बने. वहीं, जॉनसन चार्ल्स ने 18 गेंदों पर 23 रनों का योगदान दिया. वेस्टइंडीज के लिए रोमरिया शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 27 गेंदों पर 33 रन बनाए. उन्होंने अपनी पारी में 1 चौका और 3 छक्के जड़े. इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए. रोस्टन चेस, रोवमन पॉवेल और जस्टिन ग्रेव्स जैसे बल्लेबाजों ने निराश किया.

बांग्लादेश के लिए रिशाद हौसेन सबसे कामयाब गेंदबाज रहे. रिशाद हौसेन ने वेस्टइंडीज के 3 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. इसके अलावा तस्कीन अहमद और मेंहदी हसन मिराज ने 2-2 विकेट झटके. जबकि तंजीम हसन साकिब और हसन महमूद को 1-1 कामयाबी मिली.

बांग्लादेश के लिए जाकेर अली चमके - इससे पहले बांग्लादेश के लिए जाकेर अली ने तूफानी पारी खेली. जाकेर अली ने 41 गेंदों पर 72 रनों का योगदान दिया. उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 6 छक्के जड़े. परवेज हौसेन इमोन ने 21 गेंदों पर 39 रन बनाए. जबकि मेंहदी हसन मिराज ने 23 गेंदों पर 29 रनों का योगदान दिया. वेस्टइंडीज के लिए रोमरियो शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए. इसके अलावा अल्जारी जोसेफ, रोस्टन चेस और गुदाकेश मोटे को 1-1 कामयाबी मिली.

# जूनियर हॉकी टीम को भारतीय वीजा के लिये आवेदन से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी :पीएचएफ

नई दिल्ली, एजेंसी | पाकिस्तान हॉकी महासंघ से कहा गया है कि भारत में अगले साल के आखिर में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप में भागीदारी की पुष्टि करने से पहले उसे सरकार से अनुमति लेनी होगी ।

पीएचएफ महासचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि टीम को दिसंबर 2025 में भारत में होने वाले एफआईएच टूर्नामेंट के लिये टीम भेजने से पहले फेडरल सरकार से अनुमति लेनी होगी ।

उन्होंने मीडिया से कहा ,'' आम तौर पर पिछले कुछ साल से दोनों देशों के संबंधों में तनाव के बावजूद हमें भारत में बड़े टूर्नामेंट खेलने की सरकार से अनुमति मिल जाती है लेकिन अब हमें कहा गया है कि टीम तय करने और भागीदारी की पुष्टि करने से पहले सरकार से इजाजत लेनी होगी ।'

पाकिस्तानी जूनियर टीम लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप में भाग नहीं ले सकी थी जब आवेदन जमा करने में विलंब के कारण खिलाड़ियों को वीजा नहीं मिले थे ।

# टीम इंडिया में कौन होगा आर अश्विन का रिप्लेसमेंट? ये चार खिलाड़ी हो सकते हैं बेस्ट ऑप्शन

**अश्विन ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उनके बाद टीम इंडिया में एक बड़ी जगह खाली हो गई है। उनकी जगह भर पाना और उतने मैचों में टीम इंडिया को जीत दिला पाना आसान नहीं होगा। उनके स्थान पर भारतीय कंडीशंस में खेलते वाले खिलाड़ी को मुश्किल होगी।**

नई दिली, एजेंसी | रविचंद्रन अश्विन ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उनके बाद टीम इंडिया में एक बड़ी जगह खाली हो गई है। उनकी जगह भर पाना और उतने मैचों में टीम इंडिया को जीत दिला पाना आसान नहीं होगा। उनके स्थान पर भारतीय कंडीशंस में खेलते वाले खिलाड़ी को मुश्किल होगी।

हालांकि, टीम इंडिया में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है लेकिन रेगुलर टीम में शामिल करने से उनको अपना कौशल दिखाने का मौका मिल पाएगा। चार खिलाड़ी अश्विन की जगह रेगुलर स्पिनर बनने की दौड़ में हैं।




## वॉशिंगटन सुंदर

सभी विकल्पों में वॉशिंगटन सुंदर का पलड़ा भारी है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हैं और बैटिंग करने का भी अच्छी स्किल है। वह बतौर ऑलराउंडर टीम में खेल सकते हैं और अश्विन का स्थान ले सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के साथ वह मौजूद हैं। टेस्ट में उनके नाम 24 विकेट दर्ज हैं। लाइव खेल ऑनलाइन देखें

## कुलदीप यादव

चायनामैन कुलदीप यादव ने इंडियन टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में प्रतिनिधित्व किया है। 13 टेस्ट मैचों में उनके नाम 56 विकेट है। उनका एक निगेटिव पॉइंट बैटिंग है। अश्विन ने जिस तरह से कई बार शतक जड़कर टीम को सहारा दिया था, वह कौशल कुलदी में ना के बराबर है।

## अक्षर पटेल

अक्षर पटेल में स्पिन और बैटिंग की काबिलियत है। हालांकि, जडेजा के रूप में लेफ्ट आर्म स्पिनर पहले ही टीम में मौजूद हैं। अक्षर ने 14 मैचों में 55 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके अलावा 646 रन भी बनाए हैं वह प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के दावेदा हैं।

## तनुश कोटियन

घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलने वाले इस ऑफ स्पिनर ने काफी प्रभावित किया है। उनको गेंदबाजी ऑलराउंडर माना जाता है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 33 मैच खेलकर उन्होंने 101 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके अलावा बल्ले से भी देते हुए 1500 से ज्यादा रन बनाए हैं।

# एशिया कप फाइनल में टीम इंडिया, अब बांग्लादेश से होगा मुकाबला

**टीम इंडिया वीमेंस अंडर 19 एशिया कप 2024 का फाइनल मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी. बांग्लादेश ने सुपर फोर मैच में नेपाल को हरा दिया है.**




नई दिल्ली, एजेसी | टीम इंडिया वीमेंस अंडर 19 टी20 एशिया कप 2024 के फाइनल में पहुंच गई है. भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सुपर फोर में श्रीलंका को हराया. टीम इंडिया का अब फाइनल में बांग्लादेश से मुकाबला होगा. बांग्लादेश ने सुपर फोर में नेपाल को हराया है. टीम इंडिया के लिए आयुषी शुक्ला ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के एक मुकाबले में बांग्लादेश को हराया था. टीम इंडिया अब खिताब के करीब है.

दरअसल भारत ने सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका को हराने के बाद फाइनल में जगह बनाई. वहीं बांग्लादेश ने नेपाल को हराया है. नेपाल ने सुपर फोर मैच में पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट के नुकसान के साथ 54 रन बनाए. इस दौरान कप्तान पूजा महतो 9 रन बनाकर आउट हुईं. सावित्री धामी 11 रन बनाकर पवेलियन लौटीं. इसके जवाब में बांग्लादेश ने 1 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया. उसके लिए फहोमिदा ने 26 रनों की पारी खेली. मस्ट इवा ने 18 रनों का योगदान दिया.

## भारत का फाइनल में बांग्लादेश से मुकाबला -


टीम इंडिया फाइनल मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी. उसने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है. भारत ने बांग्लादेश को सुपर फोर मैच में बुरी तरह हराया था. उसने यह मैच 8 विकेट से जीता था. भारत ने इससे पहले पाकिस्तान को पटका था. लिहाजा बांग्लादेश को फाइनल में कड़ी टक्कर मिलने वाली है.

## आयुषी शुक्ला का वीमेंस अंडर 19 एशिया कप में दमदार प्रदर्शन -

भारतीय गेंदबाज आयुष शुक्ला टूर्नामेंट में छा गई हैं. उन्होंने अभी तक 7 विकेट झटके हैं. आयुषी ने सुपर फोर मैच में भी कमाल की गेंदबाजी की थी. अब उनसे फाइनल में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी. जी तृशा ने बैटिंग में कमाल दिखाया है. वे 107 रन बना चुकी हैं.



# क्रिसमस से पहले ठंडा पड़ा बाजार; सेसेक्स 1176 अंक टूटा, निफ्टी 23600 से नीचे आया



नई दिल्ली, एजेंसी | घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,176.46 (1.48%) अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,343.46 अंक या 1.69 प्रतिशत गिरकर 77,874.59 अंक पर आ गया था। दूसरी ओर, निफ्टी 364.21 (1.52%) अंक फिसलकर 23,587.50 पर बंद हुआ। आंकड़ों से पता चलता है कि इस सप्ताह के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, शुक्रवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 10 पैसे तक रिकवर कर 85.03 रुपये पर बंद पर बंद हुआ।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण शुक्रवार को प्रमुख शेयर सूचकांकों में बड़ी बिकवाली दिखी। सेंसेक्स की 30 प्रमुख कंपनियों में से टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा पिछड़े। इसके विपरीत, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले और टाइटन को लाभ हुआ।

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में भी दिखा गिरावट का रुख - एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही। यूरोप के शेयर बाज़ार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। वॉल स्ट्रीट गुरुवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,224.92 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.96 प्रतिशत घटकर 72.18 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। गुरुवार को लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 964.15 अंक या 1.20 प्रतिशत टूटकर 79,218.05 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 247.15 अंक या 1.02 प्रतिशत लुढ़ककर 24,000 अंक से नीचे 23,951.70 अंक पर बंद हुआ था।

1061 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2929 शेयर टूटकर बंद हुए - बीएसई पर करीब 4085 शेयरों में कारोबार हुआ, जिसमें 1061 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2929 शेयर टूटकर बंद हुए। 95 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। शुक्रवार के कारोबार के दौरान 229 शेयर 52 हफ्तों के ऑल टाइम हाई पर कारोबार करते जबकि 68 शेयर 52 हफ्तों के ऑल टाइम लो पर रहे। निफ्टी ऑटो, बैंक, एफएमसीजी और आईटी लगभग सभी सेक्टर में बिकवाली दिखी।


# एयरलाइन कंपनियों ने संशोधित ड्यूटी मानक लागू करने की समयसीमा बढ़ाने की मांग की

**नयी दिल्ली, एजेंसी** । इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संशोधित उड़ान ड्यूटी मानकों के चरणबद्ध क्रियान्वयन के लिए नियामक से अधिक समय देने की मांग की है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एयरलाइंस ने चालक दल की जरूरतों में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए पायलटों के बीच थकान की निगरानी के लिए थकान जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू करने की जरूरत पर बल दिया है। सूत्रों ने कहा कि एयरलाइन कंपनियों ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सूचित किया है कि संशोधित उड़ान ड्यूटी मानकों को जल्द-से-जल्द जून, 2025 से चरणबद्ध ढंग से लागू किया जा सकता है।

हालांकि, इन मानकों को इस साल जून से ही लागू होना था लेकिन एयरलाइन कंपनियों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए इसकी समयसीमा आगे बढ़ा दी गई थी। इस बीच, सूत्रों ने कहा कि पायलटों के तीन संगठनों ने डीजीसीए से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि नए नियम 15 फरवरी से पूरी तरह से लागू हो जाएं। पायलट संगठनों का कहना है कि फरवरी के मध्य तक कोहरे का मौसम समाप्त हो जाएगा। उनका मानना है कि जिस प्रावधान के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, वह थकान जोखिम प्रबंधन प्रणाली (एफआरएमएस) से स्वतंत्र है और दोनों को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

डीजीसीए की संशोधित उड़ान ड्यूटी समयसीमा (एफडीटीएल) का मामला दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष है।

# हर सरकारी काम में केवाईसी देने का झंझट खत्म, खास IP एड्रेस से ही होगा वेरीफिकेशन, जानिए क्या है नया सिस्टम




**साइबर अपराधी आप जैसे लाखों लोगों के आधार, पैन कार्ड और बैंक खाता नंबर की डार्क वेब पर बोली लगा रहे हैं. ऐसे जोखिमों की कहानी खत्म करने के लिए भारत सरकार एक नया सिस्टम लाने जा रही है.**

नई दिल्ली, एजेंसी | आए दिन आधार डाटा लीक होने से लेकर पैन कार्ड नंबर सार्वजनिक हो जाने की खबरें आती रहती हैं. कई बार यह भी समाचार आता रहता है कि साइबर अपराधी आप जैसे लाखों लोगों के आधार, पैन कार्ड और बैंक खाता नंबर की डार्क वेब पर बोली लगा रहे हैं. इससे आप डिजिटल और कई बार फाइनेंशियल रिस्क के शिकार हो जाते हैं. इस तरह की जोखिमों की कहानी खत्म करने के लिए भारत सरकार एक नया सिस्टम लाने जा रही है. जो Data Breach जैसे शब्दों को आम लोगों के लिए काफी हद तक समाप्त कर देगा.

## क्या है नया सिस्टम, कैसे करेगा काम

भारत सरकार 20 जनवरी के बाद ckyc यानी सेंट्रल केवाईसी नामक नया सिस्टम लागू करने जा रही है. यह द सेंट्रल केवाईसी कस्मटर रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री के तहत काम करेगा. इसके पूरी तरह से जमीन पर उतरने के बाद किसी सरकारी काम के लिए कभी भी केवाईसी डॉक्यूमेंट्स की हार्ड कॉपी देने की नौबत नहीं आएगी. यहां तक कि डिजिलॉकर से भी इसे वेरीफाई कराने की जरूरत नहीं होगी. भारत सरकार के ऑनलाइन सीकेवाईसी सिस्टम से ही इसका वेरीफिकेशन हो सकेगा. इसके लिए सरकार के सीकेवाईएसी सिस्टम के तहत रजिस्टर्ड आईपी एड्रेस या लॉगिन-पासवर्ड से ही एक्सेस करना संभव होगा. ऑथराइज पर्सन के अलावा अगर कोई भी सेंट्रल केवाईसी सिस्टम से किसी के आधार या पैन कार्ड अथवा किसी भी केवाईसी नंबर को जानना चाहेगा तो केवल उसे अंत के चार अंक ही दिखाई पड़ेंगे. उसे डाऊनलोड भी नहीं किया जा सकेगा. ऐसा करने के पीछे सरकार की मंशा केवाईसी डॉक्यूमेंट्स के मिसयूज को काफी हद तक रोकने की है.

## वित्तीय संस्थाएं तेजी से कर रहीं काम

भारत सरकार के सीकेवाईसी प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाने के लिए बैंक और वित्तीय संस्थाओं समेत दूसरी एजेंसियां काफी तेजी से काम रही हैं. पहले इसके लिए तैयारी कर लेने की समय-सीमा 16 दिसंबर को तय की गई थी, परंतु काम की जटिलता को देखते हुए भारत सरकार ने इसे 20 दिसंबर तक के लिए विस्तार दे दिया है.

# अडानी ग्रुप के धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को बड़ी राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट ने परियोजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

**बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि अडानी के प्रोजेक्ट के खिलाफ याचिका का कोई आधार नहीं है इसलिए इसे खारिज करते हैं.**




नई दिल्ली, एजेंसी | धारावी झुग्गी बस्ती पुनर्विकास परियोजना को अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया गया है. बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि याचिका का कोई आधार नहीं है इसलिए इसे खारिज किया जाता है. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन ने यह याचिका दायर की थी जिसमें अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना देने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी.

## अडानी समूह ने जीता था धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट -

अडानी समूह ने 259 हेक्टेयर धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए सबसे अधिक बोली लगाई थी. 2022 की टेंडर प्रक्रिया में 5069 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ उसने इसे हासिल किया था. वहीं यूएई की सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन ने 2018 की निविदा को रद्द करने और उसके बाद 2022 में अडानी को निविदा देने को चुनौती दी थी.

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश में क्या कहा -

अदालत ने कहा, 'याचिका में उठाए गए आधारों में दम नहीं है. सरकार के टेंडर को रद्द करने और नई निविदा पेश करने के कदम को चुनौती देने में वह विफल रही है. तीन अरब डॉलर की धारावी परियोजना के तहत 620 एकड़ की जमीन को एक शहरी केंद्र में बदलने की है. यह जमीन न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क के आकार का लगभग तीन चौथाई है.

मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नजदीक घनी आबादी वाली झुग्गियों में खुले सीवर और साझा शौचालयों वाली जर्जर झुग्गियों में रहने वाले लगभग सात लाख लोगों को 350 वर्ग फुट तक के फ्लैट मुफ्त दिए जाने हैं.

## जानें मुंबई के मशहूर धारावी के बारे में -

धारावी मुंबई शहर के बीचों बीच बसा है और ये एरिया मुंबई की दो रेलवे लाइव वेस्टर्न और सेंट्रल के बीच मौजूद है. एक तरफ मुंबई का मशहूर बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और दूसरी तरफ दादर है. धारावी को एशिया के सबसे बड़े स्लम के तौर पर भी जाना जाता है.



## बर्फ और आग का देश आइसलैंड

**जमा देने वाली बर्फ का नाम लेते ही जहन में आइसलैंड का नाम आता है। आइसलैंड उत्तरी अटलांटिक में ग्रीनलैंड का एक द्विपीय देश है। लगभग पूरे साल यहां पर बर्फ गिरी रहती है। बैसे तो हम आइसलैंड को बर्फ के लिए ज्यादा जानते हैं।**


लेकिन ये बात जितनी सच है उतनी ही झूठ भी। दरअसल, आइसलैंड में में जितनी बर्फ जमी रहती है उससे कहीं ज्यादा यहां पर ज्वालामुखी और गर्म पानी के झरने भी मिलते हैं। कहा जाता है कि दुनिया के सबसे ज्यादा ज्वालामुखी यहीं पाए जाते हैं। आइसलैंड में सूरज 24 घंटे आसमान में रहता है, यानी कि जून के महीने में यहां रात होती ही नहीं है। जिससे 24 घंटे गर्मी का मौसम बना रहता है। ज्वालामुखी की अधिकता भी गर्मी का एक कारण है। यहां पर हर चार साल में एक ज्वालामुखी फटता है। यहां पर जितनी बर्फ मिलेगी उतनी ही आग भी यहां पर मिलती है। अपने इसी खासियत के लिए आइसलैंड आग और बर्फ का देश कहलाता है।





## रेडवुड पेड़ से तैयार हुआ है ये अनोखा घर

**'वन लॉग हाउस' यूएस 101 हाइवे पर स्थित है। इसे 1946 में तैयार किया गया था। अंदर से 13 फीट लंबा है जिसमें बेडरूम है और रहने-खाने का पूरा इंतजाम है।**

वन लॉग हाउस के नाम से पहचाने जाने वाला ये घर अमेरिका में पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र है। 2100 साल पुराने रेडवुड से तैयार किया गया 'वन लॉग हाउस' यूएस 101 हाइवे पर स्थित है। इसे 1946 में तैयार किया गया था। अंदर से 13 फीट लंबा है जिसमें बेडरूम है और रहने–खाने का पूरा इंतजाम है। इस पेड़ के तने का वजन 42 टन था और इस 7′ फीट ऊंचे और 32′ लंबे पेड़ को खोखला करने में 8 महीने लग गए थे। हालांकि पहले इसमें पहिये भी लगाए गए थे ताकि इसे कहीं भी लाया जा सके लेकिन वन लॉग हाउस 1999 में अपने वर्तमान स्थान पर चला गया और तब से वहीं है। यह हम्बोल्ट काउंटी/मेंडोकिनो काउंटी लाइन में यूएस हाईवे 101 पर स्थित है।







# आश्चर्यचकित करते हैं भारत के ये प्राकृतिक अजूबे

**भारत में मानव निर्मित शानदार जगहों के साथ साथ कुछ ऐसे प्राकृतिक अजूबे भी हैं जिन्हे देखकर आप आश्चर्यचकित हो सकते हैं। आपको यकीन भी नहीं होगा कि दुनिया में ऐसा कुछ भी हो सकता है या फिर दुनिया में ऐसी जगह भी पाई जाती है। ये प्राकृतिक अजूबे भारत के साथ-साथ पूरी दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं और यहां लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने हर साल आते हैं।**

भारत देश विभिन्न विविधताओं से भरा हुआ है, हमारे देश में कई ऐसे महल मिलते हैं, जिनकी वास्तुकला आपको प्रभावित कर सकती है। हमारे पूर्वजों ने ऐसे बहुत सारे काम किये हैं जिन्हें हम आज के इस हाईटेक जमाने में चाहकर भी नहीं कर सकते। भारत में मानव निर्मित शानदार जगहों के साथ साथ कुछ ऐसे प्राकृतिक अजूबे भी हैं जिन्हे देखकर आप आश्चर्यचकित हो सकते हैं। आपको यकीन भी नहीं होगा कि दुनिया में ऐसा कुछ भी हो सकता है या फिर दुनिया में ऐसी जगह भी पाई जाती है। ये प्राकृतिक अजूबे भारत के साथ–साथ पूरी दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं और यहां लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने हर साल आते हैं। आप भी अगर चाहें तो अकेले या फिर अपने परिवार के साथ यहाँ जा सकते हैं।

### चेरापूंजी का डबल डेकर रुट




वैसे तो आम दुनिया चेरापूंजी को सबसे ज्यादा बारिश होने वाले शहर के नाम से जानती है। पर क्या आपको पता है कि चेरापूंजी में एक ऐसा पुल है जो प्रकृति ने खुद बनाकर दिया है। वैसे तो किसी भी पुल को मानव द्वारा बनाया जाता है, पर यह डबल डेकर पुल प्रकृति ने खुद किया है। इस पुल को पूरी दुनिया उमशियांग डबल डेकर पुल या फिर डबल डेकर रुट ब्रिज के नाम से जानती है। आपको बता दें कि इस डबल डेकर पूल का निर्माण एक पेड़ की रुट से हुआ है। जो एक बार में करीब 45 से 50 लोगों का वजन आसानी से उठा सकता है। यह डबल डेकर पुल लगभग 30 मीटर लम्बा है जो कि पेड़ के फिक्स जड़ों से बना हुआ है।

### खारे पानी की एकमात्र झील




लोनार क्रेटर झील भारत ही नहीं पूरे दुनिया में खारे पानी की एक ही झील है जो महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थित है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस खारे पानी की झील का निर्माण आज से लगभग 52,000 साल पहले एक उल्कापिंड के पृथ्वी की सतह से टकराने के बाद हुआ। यह प्राकृतिक अजूबा आपको और कहीं नहीं मिलेगा। इसके साथ साथ इस झील के तीन तरफ मंदिर बनाएं गए हैं, जिसमें दो भगवान शिव के मंदिर हैं जबकि एक मंदिर भगवान श्री हरि विष्णु का है। आप तीनों मंदिरों में गजब की नक्काशी और शानदार बनावट भी देख सकते हैं। आपको बता दें कि यह मंदिर द्रविड़ शैली में बनाये गए हैं और ये मंदिर दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिरों में से एक हैं। हाल ही में यूनेस्को ने लोनार झील को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है। जिसके बाद से यहाँ अब आने वाले पर्यटकों की संख्या ज्यादा हो गई है।

### भारत की भव्य घाटी




गंडिकोटा घाटी को भारत की भव्य घाटी के नाम से जाना जाता है। आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में एक छोटा सा गांव गंडिकोटा है। यहां पर पेन्नेरू नदी के किनारे एक अद्भुत घाटी है जिसे पूरी दुनिया गंडिकोटा घाटी के नाम से जानती है। इस घाटी के बनावट की तुलना एरिजोना के ग्रांड कैन्यन से की जाती है जिससे लोग इसे भारत की भव्य घाटी भी कहते हैं। एर्रामला पहाड़ियों के बीच से पेन्नेरू नदी के द्वारा बनाई गई इस बेहद ही खूबसूरत घाटी में संकरी दीवारें और खड़ी चट्टानें आने वाले पर्यटकों को खूब पसंद आती हैं। यहां आप थोड़ी दूर पर लगभग 40 फीट की एक भगवान बुद्ध की प्रतिमा भी देख सकती हैं। साथ ही आपको यहां 13वीं शताब्दी में बना लाल बलुआ पत्थर का किला देखने को मिलेगा। इस लाल किले की दीवार लगभग 5 मील लम्बी है। साथ ही किले के अंदर एक मंदिर और एक मस्जिद भी है।

### देश की सबसे बड़ी गुफाएं



बोर्रा गुफाओं को भारत की सबसे बड़ी गुफा माना जाता है। देश के पूर्वी छोर पर स्थित यह गुफाएं अराकू घाटी विशाखापत्तनम जिला की अनंतगिरी पहाड़ियों पर हैं। इस प्राकृतिक अजूबे का निर्माण तब हुआ था जब यहां गुजरने वाली नदी का पानी चूना पत्थर के क्षेत्र से होकर गुजरने लगा था। यह चूना यानि कि कैल्शियम कार्बोनेट फिर कैल्शियम बाइकार्बोनेट में बदल जाता है। जो इस बेहद ही अद्भुत गुफा का निर्माण करता है। जिसमें कास्टिक चूना पत्थर की रचना आपको देखने को मिल सकती है। एक बार आपको देखने से यही लगेगा की यह मानव निर्मित गुफा है पर यह सच नहीं है। यह गुफा लगभग 750 मीटर की ऊंची पहाड़ी पर बना हुआ है जिसकी गहराई लगभग 80 मीटर तक है। 80 मीटर गहरी होने के कारण इसे भारत की सबसे गहरी गुफा भी कहा जाता है।


### चमोली में फूलों की घाटी



उत्तराखंड के चमोली जिले में सफेद चोटियों से घिरे पहाड़ों के बीच फूलों की घाटी प्राकृतिक रूप से जून से सितंबर तक अपने आप बन जाती हैं। रोज लाखों पर्यटक खींचने वाली यह जगह सन 1931 में एक पर्वतारोही फ्रैंक एस स्मिथ ने खोजी थी। हालांकि मान्यताओं के अनुसार यह वही घाटी है जहां से हनुमान जी संजीवनी वटी लेकर लंका गए थे। आप यहां हिमालय के कई विहंगम दृश्य देख सकते हैं, इसके आसपास ढेर सारे झरने हैं साथ ही कई सारे ऐसे पेड़ है जो दुनियाभर में आपको कहीं और नहीं मिलेंगे।

### कर्नाटक की याना गुफाएं

याना गुफाएं कर्नाटक के उत्तरी शहर गोकर्ण में पाई जाती हैं। यह स्थान धर्म केंद्र के रूप में ज्यादा प्रसिद्ध है। गुफा में घूमने के साथ साथ आप यहां कई सारे अजीब जानवर देख सकते हैं जो आपको केवल इसी क्षेत्र में दिखाई देंगे। यह क्षेत्र हिल स्टेशन के रूप में भी बेहद प्रसिद्ध है जहां आप ट्रैकिंग, धार्मिक यात्रा और वन्य जीवन देखने आ सकती हैं।



# साल में एक बार ही खुलता है जापान का लिखमा कामाकुरा रेस्तरां



**जापान के कई इलाकों में अच्छी खासी बर्फबारी होती है। इस वजह से जापान में विश्व भर से कई पर्यटक घूमने आते हैं। यहां के कामाकुरा गांव में बर्फबारी के साथ पर्यटकों को खाने का एक अनोखा अनुभव देने के लिए सालाना एक रेस्तरां बनाया जाता है। यह रेस्तरां हर साल एक महीने के लिए ओपन किया जाता है।**

इस रेस्तरां का नाम लिखमा कामाकुरा रेस्तरां है। दरअसल जापानी भाषा में कामाकुरा का अर्थ बर्फ से बनी झोपड़ियां होता है। यहां के स्थानीय वालंटियर्स ने यहां होने वाली बर्फबारी का सटीक उपयोग करने के मकसद से करीब 24 साल पहले यह स्कॉम शुरू की थी।

### पारंपरिक डिशेज खाने का मजा मिलता है

रेस्तरां में बर्फ से इग्लू बनाए जाते हैं। इन इग्लू में पर्यटकों को मशहूर जापानी खाना परोसा जाता है। इनमें लकड़ी की टेबल– कुर्सियां रखी होती हैं। वहां पर्यटक जापान मैं सदियों से बनाई जा रही पारंपरिक डिशेज का मजा लेते हैं। ठंडे मौसम में गर्माहट पाने के लिए पर्यटकों को खास स्थानीय मशरूम और सब्जियों से बनी हॉट पीट डिश नोराशी नावे दी जाती है। लंब–डिनर में यहां के मशहूर राइस बॉल के साथ ही चावल से बनी खास स्वीट डिश शिरोकू भी परोसी जाती है।




### स्नो एक्टिविटीज में भी भाग ले सकते हैं यहां

इग्लू में बैठ कर खाना खाने के अलावा यहां आकर पर्यटक कई स्पोर्ट्स गतिविधियों का आनंद भी उठा सकते हैं। यहां पर विश्व स्तरीय रकी रिजॉर्टस और स्लेडिंग एरिया भी बनाए गए हैं। हर साल फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में यहाँ कामाकुरा विलेज फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। इस दौरान पर्यटक यहां जापान के पारंपरिक संगीत और कई गतिविधियों का मजा ले सकते हैं। फेस्टिवल के दौरान बर्फ से संबंधित कई एक्टिविटीज भी आयोजित की जाती है। इसके साथ ही रात के समय आतिशबाजी की जाती है। बाकी दिनों में यहां चावल की खेती की जाती है। यहां लंच और डिनर करने के लिए पहले से ही बुकिंग करना होता है। कामकुरा विलेज रेस्तरां की ऑफिशियल साइट पर जाकर ही आप रजिस्ट्रेशन कर सकते है। लंच करने के लिए एक वयस्क को 2300 रुपए तो डिनर के लिए 2600 रुपए चुकाने पड़ते हैं। टोक्यो से ढाई घंटे के रेल सफर के जरिए इस जगह पर पहुंचा जा सकता है।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ रंगारंग समापन

# जानी मानी हस्तियों ने शिरकत कर इस सेमिनार को बनाया ऐतिहासिक

• साधना एक्सप्रेस, रीवा




रीवा | अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रेवा में भौतिक विज्ञान एवं पर्यावरण जीवविज्ञान (बायोटेक्नोलॉजी) विभाग के सौजन्य से चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आज रंगारंग समापन हुआ।दूसरे दिन के कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफ़ेसर राजकुमार जी आचार्य ने की,मुख्य अतिथि के भूमिका में प्रोफेसर भरत शरण सिंह निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष भोपाल रहे।मुख्य वक्ता प्रेम शंकर जी सामाजिक चिंतक एवं विचारक छत्तीसगढ़ रहे एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रोफेसर एस पी गौतम,लोकपाल एवं कुलसचिव प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह परिहार रहे।वर्कशॉप की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करके की गई।मंच पर मौजूद इस संगोष्टि के आयोजक डॉ अतुल तिवारी ने मंचाशीन अतिथियों का विधिवत परिचय करवाया साथ ही दूसरे दिन के व्याख्यानों की विधिवत जानकारी दी।

मंचाशीन अतिथियों का गर्मजोशी के साथ आयोजक प्रोफ़ेसर सतानंद मिश्रा सीएसआईआर एम्प्रि औऱ प्रोफेसर सी एम तिवारी ने विश्वविद्यालय परिवार की तरफ़ से पुष्पगुच्छ एवं शॉल श्रीफ़ल से स्वागत किया।प्रोफेसर भरत शरण सिंह ने अपने उद्बोधन में इस दो दिवसीय कार्यशाला की खुले मन से तारीफ़ की एवं पर्यावरण,भौतिकी,जीवविज्ञान के साथ साथ मानव जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।वहीं देश के जाने माने चिंतक विचारक प्रेम शंकर जी ने मानव जीवन को धर्म,संस्कृत,संस्कार से जोड़ते हुए विज्ञान पर विस्तृत चर्चा की।उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म के बिना संस्कार,संस्कार के बिना संस्कृत एवं संस्कृत के बिना विज्ञान अधूरा है।वहीं विश्वविद्यालय के लोकपाल प्रोफेसर गौतम ने इस ऐतिहासिक सेमिनार की तारीफ़ करते हुए कहा कि ये सेमिनार शोधकर्ताओं,वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के मुखिया प्रोफेसर आचार्य ने इस दो दिवसीय सेमिनार के सफ़ल आयोजन के लिए प्रोफेसर अतुल तिवारी,प्रोफेसर सी एम तिवारी,प्रोफेसर सतानंद मिश्रा वैज्ञानिक सीएसआईआर भोपाल की खुले मन से तारीफ़ करते हुए कहा कि आने वाले समय मे विश्वविद्यालय परिवार के लिए संस्था के विकास के लिए यह सेमिनार काफी कारगर रहेगी।कुलसचिव प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह परिहार ने भौतिक विज्ञान विभाग,पर्यावरण जीवविज्ञान(बायोटेक्नोलॉजी)विभाग के सभी प्राध्यापकों,अतिथि विद्वानों,कर्मचारियों की इस सफल आयोजन के लिए तारीफ की।

### आयूष मिश्र (जर्मनी)के साथ-साथ कई वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों में दिए व्याख्यान

दूसरे दिन के सत्रों में युवा वैज्ञानिक आयूष मिश्रा(टेक्निकल यूनिवर्सिटी डॉर्टमुंड)जिनका रिसर्च जर्मनी में चल रहा है,उन्होंने बेहतर तरीके से भौतिक विज्ञान विषय के मशीन लर्निंग,एस्ट्रोफिजिक्स पर प्रकाश डाला और शोधकर्ताओं के सवालों का जबाब दिया।इसी कड़ी में

प्रोफेसर स्कन्द मिश्रा,डॉ प्रमोद कुशवाहा, डॉ कमलेश सोनी,डॉ दीपक मिश्रा आदि ने अपने- अपने प्रजेंटेशन दिए।

### देर शाम हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आगंतुकों का मोहा मन

दो दिवसीय सेमिनार के समापन समारोह के अवसर पर देर शाम को विश्वविद्यालय के संभुनाथ सभागार में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी आगंतुकों का मन मोह लिया।

विभगीय छात्र छात्राओं ने एकल डांस, गायन, मंच एवं नाटक ने इस सेमिनार की शोभा बधाई।

### पूर्व कुलपति डॉ रहस्यमणि मिश्रा एवं भौतिकविद प्रोफ़ेसर ए पी मिश्रा का हुआ सम्मान

इस दो दिवसीय कार्यशाला में आयोजकों द्वारा अपने वरिष्ठ प्राध्यापकों पूर्व कुलपति रहस्यमणि मिश्रा एवं जानेमाने भौतिकविद वैज्ञानिक प्रोफेसर ए पी मिश्रा का क्रमशः प्रोफ़ेसर अतुल तिवारी एवं डॉ सी एम तिवारी ने शाल श्रीफल,पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मान किया गया।

# पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने शासकीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को वितरित किए गर्म कपड़े

## मानेगांव,मोथेगाव,बीकोर,कुड़ी, सहित अन्य ग्रामों में बच्चों से किया संवाद





• साधना एक्सप्रेस, करेली

**करेली** | नरसिंहपुर नरेन्द्र रघुवंशी, बढ़ती ठंड को देखते हुए शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत नन्हे विधार्थियों को पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने ठंड से बचने हेतु ऊनी कपड़े वितरित किया इस अवसर पर

पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,रामस्नेही पाठक,ठाकुर राजेंद्र सिंह,मनमोहन साहू,दीपक राय,अंकुर गोयल, गुड्डू पटेल,आदि की उपस्थिति में विद्यालय के छात्र छात्राओं को वितरित किए ऊनी कपड़े कठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उन्होंने क्षेत्र के मानेगांव, मोथेगांव, बीकोर, कुड़ी सहित अन्य ग्रामों में शासकीय विद्यालयों के नन्हे विद्यार्थियों के बीच जाकर उन्हें ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े वितरित किए। इस पहल के माध्यम से उन्होंने न केवल जरूरतमंद बच्चों की मदद की,बल्कि उनके जीवन में सर्दी के मौसम में राहत प्रदान की श्री पटेल ने बच्चों से संवाद के दौरान उनकी पढ़ाई, दैनिक जीवन और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो जीवन को बेहतर बना सकती है उन्होंने बच्चों को ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी और यह भरोसा दिलाया कि वह बच्चों हर संभव मदद के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे ग्राम मानेगांव में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि,शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। ऊनी कपड़े पाकर बच्चों ने पूर्व राज्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के लिए सहायक बताया इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा, 'ठंड के इस मौसम में जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है मानव सेवा सर्वोपरि है बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों ही हमारे समाज के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं इसके साथ ही उन्होंने सभी सामर्थ्यवान लोगों से अपील की कि वे समाज में जरूरतमंदों की सदैव मदद करे उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस माध्यम से न केवल बच्चों को ठंड से राहत मिली, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। बच्चों ने श्री पटेल के साथ अपनी समस्याएं साझा कीं, और उन्होंने उन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया इस कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों और ग्रामीणों ने भी श्री पटेल का आभार प्रकट किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वे इस प्रकार के जनहित कार्यों को जारी रखेंगे

# समृद्धि योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

• साधना एक्सप्रेस, नरसिंहपुर

नरसिंहपुर | राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक आनंद के मुख्य आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे की अध्यक्षता व सुनील कोठारी के विशिष्ट आतिथ्य में समृद्धि योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सुविजिता होटल नरसिंहपुर में शुभारंभ हुआ।

यह प्रशिक्षण मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में 19 एवं 20 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

प्रशिक्षण में आनंद ने बताया कि किसी भी कार्य के निष्पादन व सम्पादन में प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इससे कार्य में गति मिलती है और कार्य में गुणवत्ता के साथ कम समय में ज्यादा उपलब्धि तथा नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि स्वेच्छिकता एवं सामूहिकता के भाव से कार्य पद्धति ग्राम विकास का प्रमुख आधार है। उन्होंने स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, समरसता, नागरिक कर्त्तव्य एवं प्लास्टिक मुक्त विषय पर बताया से बताया।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे ने



मप्र जनअभियान परिषद द्वारा किये जा रहे जल व पर्यावरण संरक्षण- संवर्धन, नशा मुक्ति, गौपालन व उनका संरक्षण, विवाद मुक्त स्वावलंबी ग्राम के साथ स्वच्छता अभियान के कार्यों की सराहना की। सुनील कोठारी ने प्रशिक्षण का जीवन में महत्व के विषय बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण से नवीन तकनीकों को सीखना और सिखाने में गुणवत्ता आती है। नवांकुर संस्थाएं प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों तथा सामाजिक संस्थाओं को भी नवाचार से परीचित करायें।

जिला समन्वयक जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने कार्यों एवं संरचनात्मक ढांचे को विस्तार से बताया। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग व साइबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय के उपनिरीक्षक श्री अनिल अजमोरिया ने सायबर अपराध के बचाव व सावधानियों के संबंध में बताया। जनअभियान परिषद के जबलपुर संभाग के समन्वयक श्री रवि प्रसाद बर्मन ने नवांकुर संस्थाओं के कार्य व उनसे अपेक्षाएं पर विस्तार से बताया।

प्रशिक्षण में ग्राम उत्सव, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्राम में शतप्रतिशत क्रियान्वयन, साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक बैठकों के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन आदि विषयों के बारे में बताया गया। श्री विवेक सिंह ने सीएसआर फंड, स्थानीय विकास के बारे में बताया।

# सकोला मैं लगातार तीन दिनों विद्युत प्रवाह बंद किया गया

• सागर, प्रतिनिधि



कोतमा- सकोला बीते तीन दिनों से लगातार ग्राम पंचायत सकोला मैं विद्युत प्रवाह बंद है जिससे कई तरह की परेशानियां लोगों में देखा जा रहा है विद्यार्थियों का अर्धवार्षिक पेपर चल रहा है पूरा गांव अंधेरे के चपेट में है जिससे कोई दुर्घटना या चोरी होने की संभावना बढ़ सकती है आसपास के क्षेत्र में सबसे बड़ी घनी आबादी वाली इस गांव में ग्राम पंचायत सरपंच एवं कार्यकर्ता विशेष ध्यान गांव पर नहीं देते हैं जानकारी के अनुसार बिजली का बकाया बिल न चुकाने के करण लाइट बंद करवा दी गई है लेकिन जो प्रत्येक महीने समय पर बिल जमा कर रहे हैं वह लोग अत्यधिक परेशान हैं एक और देखा जाए तो विद्युत चोरी करने वाले घरों में अनेकों तरह के बिजली उपकरण के सामान उपलब्ध हैं और बेतहाशा बिजली चोरी कर आनंद उठा रहे हैं जिसका भरपाई मीटर वाले को चुकाना पड़ता है विद्युत चोरी करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए ताकि मीटर वाले हितग्राही जो समय पर बिल अदा कर रहे हैं उनको किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और तत्काल गांव में लाइट चालू करवाया जाए पानी और अनेकों विद्युत उपकरण के सामग्री सब कुछ तीन दिनों से बंद है जिससे जनता में आक्रोश देखा जा रहा है

# समाजसेवी श्री संदीप जैन बबलू सिनेमा जी ने सेवा दिवस के रूप में मनाया अपना जन्मदिन

## ग्राम जामुनपानी में आदिवासी भाइयों के बीच समाजसेवी



• सागर, प्रतिनिधि

श्री_संदीप_जैन_बबलू_ सिनेमा_जी ने सेवा दिवस के रूप मे मनाया अपना जन्मदिन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान शिव जी की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया इसके पश्चात कन्या पूजन कर बच्चों को पेन कॉपी, कंपास वितरित किए,मातृ शक्ति बहनों को साड़ियां वितरित की बुजुर्गों को कंबल वितरण किया समाजसेवी



श्री संदीप जैन बबलू सिनेमा जी द्वारा कई वर्षों से आदिवासी ग्राम में अपना जन्मदिन सेवा दिवस के रूप मे मनाया जाता है कार्यक्रम उपरांत आदिवासी परिवार में आदिवासी भाइयों के साथ सहभोज किया इस अवसर सरपंच श्री प्रशांत यादव जी , श्री लक्ष्मीकांत दुबे जी, श्री गुलाब घोषी जी, श्री विजय राजपूत जी, श्री बलवंत सिंह राजपूत जी, आदि अधिक संख्या में मातृशक्ति एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे

# सुशसन सप्ताह के दौरान जन-कल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित




• सागर, प्रतिनिधि

टीकमगढ़ | शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री अवधेश शर्मा के निर्देशन में सुशासन सप्ताह के दौरान ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान-2024 तथा मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में आज जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरो का आयोजन किया गया।

तदनुसार मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान अंतर्गत नगर पालिका टीकमगढ़ सहित बल्देवगढ़, जतारा, पलेरा, बड़ागांव, लिधौरा, खरगापुर नगर परिषद पलेरा के वार्ड नं.-एक तथा बल्देवगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत राजनगर, मझगुंवा, पिपरा तथा मडोरी में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के समस्त पात्र हितग्राहियों को शिविर लगाकर लाभान्वित किया गया। साथ ही शिविरों में आयुष्मान योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के कार्ड बनाये गये।

इस अवसर पर सीएमओ नगर परिषद पलेरा तथा बल्देवगढ़ सहित संबंधित अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

# देश के कोने-कोने में सागर की सेम की धूम, इसकी खेती बन रही लाभ का धंधा...लाखों का हो रहा मुनाफा

• सागर, प्रतिनिधि

सागर | बुंदेलखंड की सेम की फलियां अब आगरा, दिल्ली तथा देश के अन्य शहरों की सब्जी मंडियों की शोभा बढ़ा रही है। सागर जिले की बांदरी मालथौन तहसील क्षेत्र के किसान अब नकदी फसलों का उत्पादन लेने में रुचि दिखा रहे हैं।

बुंदेलखंड अंचल के किसानों ने खेती में अलग प्रयास कर गजब कारनामा किया है। बुंदेलखंड के सागर जिले की मालथोन एवं बांदरी तहसील के किसानों ने पारंपरिक खेती से अलग सेम फली की खेती कर अपनी आमदनी को कई गुना बढ़ाया हैं। बता दें कि कुछ वर्ष पहले तक ये किसान सिर्फ पारंपरिक किसानी पर निर्भर थे।

परंपरागत फसलों की बुआई करते थे। जिसके फलस्वरूप उन्हें ज्यादा मुनाफा नहीं हो पाता था, लेकिन अब अंचल के किसान न केवल आधुनिक पद्धतियों से किसानी कार्य कर रहे हैं, बल्कि नई नई फसलों की बुआई कर लाखों का मुनाफा भी कमा रहे हैं। बुंदेलखंड की सेम की फलियां अब आगरा, दिल्ली तथा देश के अन्य शहरों की सब्जी मंडियों की शोभा बढ़ा रही है। सागर जिले की बांदरी मालथौन तहसील क्षेत्र के किसान अब नकदी फसलों का उत्पादन लेने में रुचि दिखा रहे हैं और इन नकदी फसलों में से एक सेम की खेती हैं जो इन किसानों को मुनाफे का सबब बन रही है।




यह है लाभ का गणित

सेम की फसल उत्पादन करने वाले किसान बताते है कि एक एकड़ में अगर वह पारंपरिक फसल गेहूं की बुआई करते है तो उन्हें 15 क्विंटल के करीब पैदावार ही मिल पाती थी, जो बाजार मूल्य अनुसार 32 हजार रुपए की होती है। जबकि इसी एक एकड़ रकबे में किसान प्रति सप्ताह 10 क्विंटल सेम का उत्पादन ले रहे है, जो बाजार मूल्य अनुसार 40 हजार रुपए की होती है और पूरे सीजन में किसान एक एकड़ में सेम की खेती से डेढ़ से 2 लाख रुपए कमा लेता है।

सीधे खेत से हो जाती है बिक्री

अन्य पारंपरिक फसल के जैसे किसान इसको लेकर किसी मंडी अथवा बाजार में बिक्री करने नहीं जाना पड़ता, बल्कि सब्जी के थोक खरीददार इनके खेत से सीधे खरीदी कर ले जाते है। बांदरी के एक दर्जन से ग्रामों में सेम फली की खेती भारी मात्रा में की जा रही है, जहां से बुंदेलखंड की सेम फली को देश के दूर दराज बाजारों में भेजा जा रहा हैं। मुख्यतः इस सेम फली को आगरा, दिल्ली, पीलीभीत व ग्वालियर जैसे स्थानों पर व्यापारी बेचने ले जाते है। किसानों ने बात करते हुए बताया कि चना, गेंहू, मसूर जैसी पारंपरिक फसलों में किसानों को उत्पादन लेने के लिए चार माह इंतजार करना होता है तथा इनमें तुषार पाला का खतरा ज्यादा होता है।

इन फसलों में पानी की भी ज्यादा जरूरत होती है। कुल मिलाकर इन फसलों में किसान को चार माह मेहनत करना पड़ती है, तब जाकर उसको अनाज मिल पाता है। वहीं सेम की फसल नकदी फसल है, इसमें व्यापारी तुरंत भुगतान करते है। इस फसल का उत्पादन भी अच्छा होने से यह लाभ का धंधा है। इस कारण अंचल के अधिकांश किसानों का रुझान अब सब्जी वाली फसलों की तरफ बढ़ता जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मिनाक्षी पांडेय द्वारा डीके ऑफसेट प्रिंटर्स 50/6 शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र से मुद्रित एवं 111/44, शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र से प्रकाशित।
संपादक मिनाक्षी पांडेय एवं स्थानीय संपादक मनीष पांडेय मो.न- 7566293490 मेल sadhnaexpress@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल म.प्र रहेगा।)| RNI NO. MPHIN/2022/84698